हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 27 फरवरी, 2025











# इस साल मौसम के उतार-चढ़ाव से फरवरी तक ठंड, एक मार्च से तीन डिग्री बढ़ेगा तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

इस साल ठंड का सीजन फरवरी तक चला गया है। मौसम के उतार-चढ़ाव की वजह से लोगों को फरवरी महीने में ठंडी का एहसास हुआ। पिछले साल 12 फरवरी से ही ठंड गायब हो गई थी और गर्मी ने दस्तक दे दी थी। मौसम विभाग के मुताबिक एक मार्च से तापमान में बदलाव के संकेत हैं। अधिकतम व न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकेगी। दो मार्च को फिर से मौसम में नमी आ सकती है।

### स्विंग कर रहा है लगातार मौसम

मौसम विज्ञानी डॉ. एचपी चंद्रा बताते हैं कि इस साल मौसम लगातार स्विंग कर रहा है। अचानक ठंडी हवाएं आती है और फिर दूसरे दिन ही यह गायब भी हो जाती है। जिसकी वजह से फरवरी महीना ठंड में बीता। इस साल 16 फरवरी से 20 फरवरी तक तापमान में सबसे ज्यादा स्विंग किया है। इस तरह ठंडी हवाओं के आने से मौसम नम हो जाती है और तापमान घट जाता है। पिछले साल 12 फरवरी से ही तापमान में बढ़ोतरी की स्थिति बन गई थी।

### पश्चिमी विक्षोभ का पड़ रहा प्रभाव

मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ 24 डिग्री उत्तर और 50 डिग्री पूर्व में 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। इसके प्रभाव से एक प्रेरित ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण-पश्चिम राजस्थान और उससे लगे दक्षिणी पाकिस्तान के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। मध्य और उत्तर भाग में 1 मार्च तक न्यूनतम और अधिकतम तापमान में करीब 3 डिग्री वृद्धि होने की संभावना है। बस्तर संभाग के जिलों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 2 मार्च तक 3 डिग्री के आसपास वृद्धि होने की संभावना है।

### पिछले साल 12 फरवरी से गायब हो गई थी ठंड



### मौसम बिगाड़ रहा है लोगों की सेहत

मौसम में इन दिनों हो रहे व्यापक उतार-चढ़ाव का असर लोगों के सेहत पर पड़ने लगा है। डॉक्टरों के मुताबिक लोगों को सर्दी, खांसी और बुखार की शिकायतें आने लगी है। इसके अलावा पेटदर्द के साथ उल्टी व दस्त जैसी समस्या भी हो रही है। विशेषकर खांसी की दवा लेने के बाद भी यह लंबी खींच रही है। जिससे लोगों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल सुपेला, 9 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित निजी क्लिनिकों में सीजनल बीमारियों से ग्रसित मरीजों की संख्या सबसे ज्यादा है।

### अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस

ट्विनसिटी का अधिकतम तापमान बुधवार को 35 .4 डिग्री सेल्सियस रहा। जो सामान्य से 2.8 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जो सामान्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा है। एक दिन पहले यानी मंगलवार को अधिकतम तापमान 34.8 और न्यूनतम तापमान 15.6 डिग्री सेल्सियस था। इस तरह उतार-चढ़ाव की स्थिति रोजाना बनी हुई है। जिसकी वजह से सुबह और शाम को नम हवाएं चलती है।

## खबर संक्षेप

### पारिवारिक मिलन समारोह में युवक- युवतियों का हुआ परिचय



भिलाई। मैत्री क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई नगर द्वारा गत दिनों पारिवारिक मिलन समारोह व युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में स्वजातीय युवक युवतियों का परिचय कराया गया। समारोह के मुख्य अतिथि वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन उपस्थित थे। विधायक ने सामाजिक भवन बनाने की घोषणा भी की। समारोह में कुर्सी दौड़, मेंहदी, रंगोली, कविता, भजन व नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता तरुण सिंह व संचालन लीलांबर सिंह ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में सामाजिक लोक उपस्थित थे।

### सुप्रीम कोर्ट ने दिया मदजूरों के पक्ष में फैसला

**भिलाई** । द ऑक्सीजन एशिटीलिन लिमिटेड कुम्हारी कम्पनी के श्रमिक केदार यादव सहित 13 अन्य श्रमिकों के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश पारित किया है। श्रमिक केदार सहित 13 श्रमिकों ने कुल 1 करोड़ 4 लाख रुपए आठ सप्ताह के भीतर श्रम न्यायालय दुर्ग में जमा कर श्रमिकों को भुगतान जमा करने का आदेश दिया है। छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष भीमराव बागड़े ने बताया कि आक्सीजन एशिटीलिन कम्पनी 1959 में प्रारंभ की गई थी जिसे दिसंबर 2001 में प्रबंधकों द्वारा बंद कर दी गई। उस समय 70 से अधिक श्रमिक कार्यरत थे। छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा ने वर्ष 2002 में श्रमिकों श्रम न्यायालय दुर्ग में अपनी नौकरी व वेतन के लिए प्रकरण पेश किया । कुछ श्रमिकों ने वर्ष 2010 में कम्पनी रि-ज्वाइन कर करीब एक-एक लाख रुपए प्राप्त किये थे। कुछ श्रमिक न्यायालय की शरण में थे जिन्हें अब जाकर न्याय मिला है।

### तीनों जिले में कस्टम मिलिंग का बुरा हाल, धान का उठाव तक नहीं

# तीन जिले के खरीदी केन्द्रों में 25 लाख और संग्रहण में 54 लाख क्विंटल धान अब भी डंप

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग


भले ही राज्य शासन द्वारा किसानों को एक-एक दाना धान की राशि चुकता कर दी हो, लेकिन धान के प्रबंधन में शासन-प्रशासन फैल साबित हो रहा है। पिछले साल जहां फरवरी माह में धान का उठाव लगभग पूरा होने के कगार पर था। लेकिन इस बार उपार्जन केन्द्रों (सोसायटी) से अब तक धान का उठाव नही हो सका है। यही नहीं जितना धान उपार्जन केन्द्रो में है। उससे ज्यादा धान संग्रहण केन्द्रो में बर्बादी के कगार पर हैं।

जिला केन्द्रिय बैंक के अधीन दुर्ग, बेमेतरा व बालोद जिले में इस बार धान की खरीदी जनवरी माह में हो चुकी है। उठाव में देरी के कारण यहां चूहा धान चट कर रहे हैं। लेकिन धान का उठाव पूरा तरह से चरमरा गई हैं। दुर्ग को छोड बेमेतरा और बालोद जिले में पचास फीसदी ही धान का उठाव किया गया है। धान की खरीदी के बाद राज्य शासन के कुप्रबधन के कारण अब तक धान का उठाव नही हो सका है। सिर्फ दुर्ग जिले में ही डेढ सौ से अधिक मिलर है। वहीं बेमेतरा में 114 और बालोद में 130 मिलरों ने कस्टम मिलिंग के लिए पंजीयन कराया है। पर्याप्त मिलर होने के बाद भी अब तक उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव नही किया गया है। ऐसे में करोडों रूपए की लागत की धान पूरी तरह से खराब होने की स्थिति में खुले आसमान के नीचे पडा हुआ हैं। धान की खरीदी निपटने के बाद भी प्रबंधको को रखवाली करने परेशानी का सामना करना पड रहा हैं।

**सोसायटी से ज्यादा संग्रहण केन्द्रों में डंप किए गए धान**

**खास बातें**

- सोसायटी व संग्रहण केन्द्रों में धान हो रहे खराब
- मिलर कस्टम मिलिंग में नही दिखा रहे रूचि
- अनदेखी से करोड़ों के धान की गुणवत्ता होगी खराब



### आखिर कहां जा रहा सरकारी धान

दुर्ग जिले में ही 153 उसना और अरवा के राईस मिलर है। यहां हर माह 25 लाख क्विंटल चावल जमा करने की क्षमता मिलरों के पास है। जबकि धान खरीदी के चार माह में सिर्फ 7 लाख 40 हजार चावल ही जमा किया गया हैं। यही हाल बेमेतरा और बालोद का भी है। मिलर धान उठाने के बाद इसकी मिलिंग कर बाजार में महंगे दाम पर बेच रहे हैं। मार्कफेड द्वारा चावल जमा करने दबाव नही बनाए जाने के कारण मिलर सरकार को ठेंगा दिखा रहे हैं।

### संग्रहण केन्द्रों में खराब हो रहा धान

कांग्रेस शासनकाल में संग्रहण केन्द्रों को बंद कर दिया गया था। सोसायटी से सीधे मिलरों को धान जारी किया जा रहा था। लेकिन इस बार राज्य शासन के निर्देश पर संग्रहण केन्द्र खोले गए हैं। जानकारी अनुसार दुर्ग में 5 लाख 36 हजार 680 क्विंटल, बेमेतरा के संग्रहण केन्द्रों में 25 लाख 53330 क्विंटल और बालोद जिले के संग्रहण केन्द्रों में 24 लाख 29920 क्विंटल धान अभी भी डंप हैं। दुर्ग में 57 लाख 61070 क्विंटल, बेमेतरा में 93 लाख 71070 क्विंटल और बालोद में 75 लाख 65590 क्विंटल की इस बार धान खरीदी हुई थी।

### कस्टम मिलिंग का बुरा हाल, चावल तक जमा नहीं

जानकारी अनुसार दुर्ग जिले में 38 लाख चावल जमा करना है। लेकिन मिलरों ने अब तक सिर्फ 7 लाख 40 हजार 240 क्विंटल, वही बेमेतरा में 61 लाख 84906 क्विंटल चावल जमा करना था, जिसमें सिर्फ 2 लाख 47660 क्विंटल व बालोद में 49 लाख 93 हजार क्विंटल जमा करना था, जिसमें सिर्फ 3 लाख 48800 क्विंटल चावल ही जमा किया गया हैं। इस तरह दुर्ग में 20 फीसदी, बेमेतरा में 4 फीसदी और बालोद मे सिर्फ 9 फीसदी चावल जमा किया गया हैं। मिलरों को एक क्विंटल में 66 किलो चावल जमा करना होता हैं। लेकिन तीनों जिले में कस्टम मिलिंग का बुरा हाल हैं।

**उठाव की मांग**

दुर्ग में लगभग उठाव हो चुक है। बेमेतरा और बालोद के लिए मार्कफेड को जल्द से जल्द उठाव कराने मांग की गई हैं। - **एसके जोशी**, सीईओ, दुर्ग

### व्यापारी ने की थी आत्महत्या

# मालिक, सेल्स अफसर, जोनल मैनेजर के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

शिवनाथ नदी के बाहर अपनी कार खडी कर आत्महत्या करने वाले कारोबारी के मामले में पुलिस ने जांच के बाद संचालक,सेल्स अफसर, जोनल मैनेजर के खिलाफ प्रताड़ना का अपराध कायम किया है। जांच के बाद पुलिस ने तीनों के

- मृतक अनीष फूड की ली डीलरशिप

खिलाफ धारा 108, 3(5) के तहत जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि वार्ड 24 आमदी नगर वार्ड दीपक नगर दुर्ग निवासी व्यापारी रविराज रंधावा 20-21 अक्टूर 2024 को अपनी कार सीजी 07 एई 0550 से घर से निकला था। इस दौरान दुर्ग स्थित बाइपास मेनरोड के बाहर कार को रखकर शिवनाद नदी में कूद गया था। सूचना मिलने पर गोताखोर व पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बहार निकाला गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया। इस दौरान कार से एक सुसायडल नोट भी पुलिस को मिला था। जिसमें आत्महत्या का कारण उल्लेख था। पुलिस जाँच के दौरान मृतक की पत्नि कुलदीप रंधावा, गवाहो के पूछताछ बयान, सुसाईड नोट से पता चला कि रविराज रंधावा राधाजी सेल्स के नाम से अनीष फूड प्रायवेट लिमिटेड रायपुर से हल्दीराम की डीलरशिप लिया था। दुर्ग में उसके सामानों को बेचा करता था। आरोपीगण अनीष फूड्स प्रायवेट लिमिटेड रायपुर संचालक विशाल अग्रवाल, सेल्स अफसर हल्दीराम फूड्स सुनील अग्रवाल, जोनल मैनेजर हल्दीराम फुड्स सचिन शर्मा के द्वारा एक्सपायरी हो चुके स्नैक्स फूडस का एक्सपायरी नहीं बनाने, एक्सपायरी माल को नहीं उठाने, दूसरी प्रोडक्ट माल भेजकर पैसा के लिए दबाव बनाकर मृतक को प्रताड़ित किया करते थे। मृतक इसके कारण मानसिक और आर्थिक रुप से प्रताड़ित होकर दुखी हो गया था। परेशान होकर उसने शिवनाथ नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली थी।

# महिला से पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर 7.98 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर महिला से लाखों रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ पुलिस ने धारा 318(4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया

- वाट्सअप पर पहले बेजा गया था लिंक

कि ऋषभ ग्रीन सिटी फ्लैट नंबर ई 104 पुलगांव निवासी रुपल जैन के मोबाइल नंबर को वाट्सअप पर पार्ट टाइम जॉब करने के नाम का एक मैसेज आया था। जिसमें बताया गया था कि एक वीडियो बनाकर स्क्रीनशॉट भेजना है। उस काम के लिए संपर्क करने का झांसा दिया गया। अज्ञात मोबाइल धारक ने पीड़ित को एक लिंक के माध्यम से संपर्क करने पर टेलीग्राम लिंक आया। लिंक नंबर ब्रिटिश घोषाल 0955 नाम से था। अज्ञात ने महिला को एक वेतन कोड डब्लूसी 9554 भेजा था। जिसके बाद पीड़िता का बैंक खाता का मांग किया गया। तब महिला ने अपना एसबीआई बैंक खाते की जानकारी दी गई। खाता में 120 रूपये बैंक में जमा आया। फिर टेलीग्राम ग्रुप में जुडने को कहा गया था। जुडने पर क्रुड ग्रुप और फायनेशियंल आफिसर ग्रुप में ज्वाइनिंग करने को कहा गया। ग्रुप में जुडने पर टास्क के लिए वीडियों स्क्रीन शॉट की मांग की गई। दो टास्क पूरा करने के बाद मोबाइल नंबर में टास्क मिलते गया 6 से 15 फरवरी तक अलग अलग दिनों में एसबीआई बैंक खाते से 7 लाख 63 हजार 980 रूपये और युनियन बैंक से 34 हजार 200 रूपये का ठगी किया गया। कुल 798180 रुपए का महिला से ठगी हुआ है। महिला को जो मैसेज वाट्सअप पर आया था उसमें मीनल अय्यर लिखा हुआ था।

# सारनाथ एक्सप्रेस तीन दिन और रहेगी रद्द



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग से चलने वाली छपरा सारनाथ एक्सप्रेस के यात्रियों को इस ट्रेन के नियमित चलने का और इंतजार करना पड़ेगा। रेलवे ने सारनाथ

- पहले ही दस दिनों से नहीं चल रही थी यह ट्रेन

एक्सप्रेस को तीन और दिन के लिए रद्द कर दिया है। इसके पहले दस दिनों से यह ट्रेन रद्द की गई थी। प्रयागराज महाकुंभ बुधवार को समाप्त हो गया है लेकिन श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में वापसी को देखते हुए स्पेशल ट्रेनें और शुरू की है।

### इन तीन दिनों के लिए सारनाथ रद्द

रेलवे ने 27, 28 फरवरी एवं 1 मार्च को दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस रद्द कर दी है। इसके पहले रेलवे ने पहले गाड़ी संख्या 15160 व 15159 दुर्ग छपरा दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन 19, 20 एवं 21 फरवरी को रद्द कर दी थी। दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 15160 दुर्ग छपरा सारनाथ एक्सप्रेस को 21, 22 एवं 23 फरवरी को छपरा से चलने वाली गाड़ी संख्या 15159 छपरा दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस को रद्द किया गया था। 24, 25, 26,27 व 28 फरवरी को छपरा से चलने वाली गाड़ी संख्या 15159 छपरा दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस रद्द की थी। 26 फरवरी को दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 18201 दुर्ग नौतनवा एक्सप्रेस रद्द करने की वजह से बुधवार को नहीं चली । इसी प्रकार वापसी में 28 फरवरी को नौतनवा से चलने वाली गाड़ी संख्या 18202 नौतनवाए दुर्ग नहीं चलाई जाएगी।

# मकान का ताला तोड़कर जेवरात पार

**भिलाई**। सूने मकान का ताला तोडकर सोने-चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305,331(3) के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि माडल टाउन, नेहरू नगर निवासी अवनीश चन्द्र इनफोसिस कपंनी भुवनेश्वर में आनलाइन वर्क फार्म होम करता है। सास आशाराम नगर जामुल में रहती है। 22 जनवरी को सास अपने मकान में ताला जड़कर छोटी बेटी के घर जगदलपुर चली गई थी। 25 फरवरी की सुबह नियती यादव ने फोन कर पडोसी से सूचना दिया कि मकान का ताला टूटा है। जाकर देखने पर आलमारी के लॉकर से सोना चांदी के जेवरात, लोहे का पेटी में 5 नग चांदी का सिक्का समेत अन्य सामान गायब मिला। चोर की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

# छोटे भाई पर प्राणघातक हमला करने वाला धरा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

घरेलू विवाद के बाद बडे भाई ने अपने छोटे भाई पर प्राणघातक हमला करने

- छावनी पुलिस थाना क्षेत्र की है घटना

वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 109 के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि पेट्रोलिंग टीम को मोबाइल पर सूचना मिली कि शास्त्री नगर केम्प 1 निवासी गोपी तिवारी को उसके ही बडे भाई रवि तिवारी ने चाकू से हमला कर फरार हो गया। गंभीर अवस्था में गोपी को तुरंत शंकराचार्य अस्पताल जुनवानी ले जाया गया। जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तुरंत जिला अस्पताल फिर मेकाहारा रायपुर रेफर किया गया। गोपी तिवारी की पत्नी मानसी तिवारी ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी। उप निरीक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि जेठ रवि तिवारी ने मानसी के साथ गाली गलौज की थी। इसी बात को पूछने गोपी बड़े भाई रवि से पूछने लगा। इसी बात को लेकर रवि तिवारी आक्रोश में आकर अपने हाथ में रखे चाकू से आरोपी ने गोपी पर जमकर वार कर दिया। घटना 25 फरवरी की रात की है। घटना तब हुआ जब गोपी तिवारी बेटे के साथ पार्टी में शामिल होकर घर लौट रहा था। घटना में गोपी को सीने में दो बार,बांये तरफ पसली में चोट आई है। इस दौरान चोट लगने पर गोपी जमीन पर गिर पड़ा। पुलिस ने रवि तिवारी को पकड़कर जेल भेज दिया है। गोपी की तबियत पहले से ठीक बताई जा रही है।



# मंच में बैठे युवक पर चाकू से हमला

**भिलाई।** मंच के पास बैठे युवक को गाली गलौज कर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है।शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 109, 296 के तहत जुर्म दर्ज किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि ग्राम चेटुवा कुम्हारी निवासी संदीप वर्मा मुर्गी फार्म चलाता है। छोटा भाई संजय वर्मा का शादी सरिता वर्मा के साथ हुआ था। शादी के बाद मेरा भाई बहू सरिता को श्रवण नायक पत्नी बनाकर रखा लिया है। तब से संजय अकेले रहता है। 25 फरवरी की रात संजय मंच के पास बैठा था। तभी गांव का बंटी ऊर्फ निशांत नायक पहुंचा। बिना कारण के गाली गलौज करने गा। गाली गलौज को मना करने पर संजय को आरोपी बंटी उर्फ निशांत नायक ने चाकू से जान से मार डालने की नियत हमला कर दिया।

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर भिलाई क्षेत्र में सफाई व्यवस्था तेज

# हर दिन अलसुबह वार्डों का किया जा रहा है आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर साफ-सफाई व्यवस्था युद्व स्तर पर कराया जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय सुबह भ्रमण के दौरान अलग-अलग वार्डो में जाकर निरीक्षण कर रहे है। उपस्थित अधिकारियो एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दे रहे है। दिल्ली की टीम सफाई व्यवस्था का मानिटरिंग करने आने वाली है। उसके पूर्व भिलाई के सभी वार्डो,



मोहल्लों, सड़क, उद्यानों, तालाबों, शौचालयों इत्यादि को साफ-सुथरा बनाये रखें। कचरा डंपिग प्वांट को चिन्हांकित कर चूना से मार्किंग कर सूचना बोर्ड भी लगाया जाये, जिससे नागरिक उस जगह कचरा न फेकें।

एक आम धारणा है कि जहां पर कचरा कोई फेंकता है वहीं पर सब लोग कचरा फेंकने लगते हैं। इसलिए जब घर-घर सफाई मित्र कचरा लेने आ रहे हैं कचरा देना है।

आयुक्त पाण्डेय बुधवार सुबह भ्रमण के दौरान जोन 4 खुर्सीपार क्षेत्र में स्थित एस.एल.आर.एम. सेंटर का निरीक्षण किये। वहां जाकर कचरा सेग्रिगेशन कार्य को देखे, कार्य करने वाले कर्मियो से जानकारी प्राप्त किये। कचरे से बनने वाली खाद की क्वालिटी पर और जोर देने को कहे। वहां एकत्रित खराब सामग्री को अलग कर रखने एवं उन सामग्रियों से वेस्ट से बेस्ट बनाने को कहा। जिसे तैयार कर शहर के उद्यानों, प्रमुख चैराहो में लगाया जा सके। जिससे जनता के लिए आकर्षक का केन्द्र बने और लगाये गये स्थल की रौनकता बनी रहे। साथ ही सुलभ शौचालयो की साफ‘-सफाई को और व्यवस्थित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र बंजारे आदि उपस्थित रहे।

# मकान से नकदी गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दिन दहाडे मकान से गैस सिलेंडर समेत नगदी पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303(2),331(3) के तहत जुर्म दर्ज किया है। नेहरू नगर पूर्व निवासी अक्षय भोपले प्राइवेट काम करता है। 24 फरवरी की सुबह काम पर चला गया था। दोपहर काम से वापस घर खाना खाने पहुंचा तो मकान का दरवाजा खुला हुआ था। भीतर प्रवेश करने पर देखा तो उसके होस उड गए। मकान से अज्ञात ने दो गैस सिलेंडर, खाने बनाने का बर्तन, डिजिटल तराजु और आलमारी से दो हजार रुपए गायब मिला।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

# शिवनाथ नदी किनारे डूबान क्षेत्रों में धड़ल्ले से चल रही अवैध प्लाटिंग

## राजस्व महकमे की सांठगांठ में फल फूल रहा अवैध कारोबार, बगैर अनुमति खेती जमीन की कटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला प्रशासन और राजस्व महकमे की सांठगांठ से इन दिनों शिवनाथ नदी किनारे रिहायशी आबादी बसाई जा रही हैं। रिकार्ड में डूबान क्षेत्र दर्ज होने के बाद भी भू-माफियाओं द्वारा अवैध प्लाटिंग के जरिए नियम कायदों की धज्जियां उडाई जा रही हैं। हालात यह है कि, इस अवैध कारोबार की परंपरा ने टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग की सुंदर शहर बसाने के सपने को ध्वस्त कर दिया हैं।

दुर्ग शहर में इन दिनों खेती जमीन में अवैध प्लाटिंग किए जाने की सिलसिला शुरू हो गया हैं। महमरा गांव में एनीकट से लगे जमीन पर रिहायसी प्रोजेक्ट लांच किए जा रहे हैं। कुछ दिन पहले ही महमरा गांव में नायब तहसीलदार द्वारा जेसीबी के जरिए मुरूक की सडक को हटाया गया था। वहीं पुलगांव नाले के पास भी राजस्व महकमे ने आंख मूंदकर आवासीय बिल्डिंग बनाने परमिशन दिया जा रहा है। जबकि पुलगांव नाला तक हर साल बाढ के कारण यह डूबान क्षेत्र में शामिल है। बाढ के कारण यहां हर साल प्रशासन के रवैय्ये को लेकर लोगों में नाराजगी दिखती है। लेकिन न सिर्फ पुलगांव नाला और महमरा बल्कि मोहलई तक नदी किनारे धडल्ले से रिसार्ट भी बस रहे है। अगर राजस्व विभाग द्वारा नदी के दायरे की नाप की जाए तो रिसार्ट के आड में कब्जे की तस्वीर स्पष्ट हो जाएगी।

### शिवनाथ नदी बनी पहली पसंद

शिवनाथ नदी में बाढ के दौरान करीब दस किलोमीटर से ज्यादा का इलाका प्रभावित होता हैं। जिसके चलते हर साल आस-पास के इलाको को खाली कराया जाता है। जो प्रशासन के लिए जानमाल बचाना चुनौती रहती हैं। शिवनाथ नदी से लगे ज्यादातर इलाके ग्रीन लैंड में दर्ज है। इसके बाद बडी चालाकी से राजस्व महकमा द्वारा आवासीय इलाका बसाने परमिशन दिया जा रहा हैं।



### टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग शून्य

नियमतः आवासीय इलाका बसाने के लिए ग्रामीण इलाके में कालोनाइजर लाइसेंस लेनी होती हैं। वही शहर में टाउन एंट्री कंट्री प्लानिंग विभाग से अनुमति लेनी जरूरी है। लेकिन दुर्ग शहर में भू माफिया राजस्व महकमे से सांठगांठ कर टुकडो में प्लाट बेच रहे है और बाद में इसी जमीन पर निगम प्रशासन विकास शुल्क जमीन खरीददारों से वसूली रही हैं। इस तरह टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग के बगैर अनुमति और अधिकृत ब्लूप्रिंट के बगैर प्लाट बेचे जाने से टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग शून्य हो गया हैं।

**जानकारी लेता हूं**

नदी किनारे प्लाटिंग नही किया जा सकता हैं। इसकी पूरी जानकारी के लिए नायब तहसीलदारों से जांच कराएंगे।
**प्रफुल्ल गुप्ता,** तहसीलदार दुर्ग

## खबर संक्षेप



### आश्रम में मनाया गया महाशिवरात्रि महोत्सव

**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वावधान में संत आशाराम बापू आश्रम बेलौदी में सुबह विधि विधान से महाशिवरात्रि महोत्सव मनाया गया। समिति द्वारा बताया गया कि चार पहर रात्रि में शिवपूजन की व्यवस्था की गई। सभी ने प्रथम पहर से सुबह की पहर तक भजन कीर्तन विधि विधान से शिव पूजन, आश्रम के महाराज ने जानकारी दी ।

### सालाना उर्स पाक कमेटी की बैठक आज

**दुर्ग।** सालाना उर्स पाक कमेटी की अति आवश्यक बैठक आगामी रमजान महीने को देखते हुए 28 फरवरी 2025 को दुर्ग ट्रांसपोर्ट कम्पनी में रात्रि 8 बजे आहूत की गई है। कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश देशलहरा के निर्देशानुसार मई 2025 मे आयोजित सालाना उर्स पाक कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक चर्चा की जाएगी। उर्स पाक कमेटी के समस्त पदाधिकारी कार्यकारिणी के सदस्यों से उपस्थिति दर्ज करने की अपील की गई हैं। यह जानकारी रऊफ कुरैशी जनरल सेक्रेटरी सालाना उर्स पाक कमेटी ने दी।

### दुर्ग-दल्लीराजहरा के बीच शुरू होंगे पांच अंडरब्रिज

**दुर्ग।** दल्लीराजहरा के बीच जहां एक ओर रेलवे द्वारा लाइन का विद्युतीकरण पर जोर दिया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर बोरसी भाठा, परसदा, देवरी सहित पांच रेलवे क्रासिंग पर अंडरब्रिज निर्माण पर काम हो रहा है। दुर्ग व दल्लीराजहरा के बीच इस पर कुल 24.5 करोड़ रुपये खर्च हो रहा है। पांचों स्थानों पर रेलवे क्रासिंग को जून तक बंद करने की तैयारी है। अंडरब्रिज शुरू होने से जहां आम लोगों का आवागमन सुरक्षित व सुविधाजनक हो जाएगा। वहीं ट्रेनों की आवाजाही भी सुरक्षित होगी रेलवे द्वारा मुख्य रेल मार्ग पर क्रासिंग को पूरी तरह बंद किया जा रहा है। वहीं आम लोगों की आवाजाही के लिए अंडरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। आपको बता दे दुर्ग-दल्लीराजहरा रेल लाइन को भी इसमें शामिल किया गया है। इस लाइन का विस्तार रावघाट से बीएसपी को आयरन ओर के परिवहन के लिए किया जा रहा है। वहीं भविष्य में इसे जगदलपुर तक जोड़ा जाना है। इससे इस रेल मार्ग पर रेल यातायात का दबाव और बढ़ जाएगा वहीं यह और भी अहम हो जाएगा। इसे देखते हुए रेलवे ने दल्ली से मरोदा तक रेल लाइन का विद्युतीकरण का कार्य कर लिया है।

## पर्व: महाआरती के साथ किया शिव का रुद्राभिषेक, नदी किनारे मेले का आयोजन

# शिवनाथ तट पर गूंजा ओम नमः शिवाय, मेले का भी उठाया लुत्फ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शिवनाथ नदी किनारे महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर उं नम शिवाय की गूंज रही। डेढ सौ साल से भी अधिक समय से चली आ रही इस परंपरा को निगम प्रशासन द्वारा कायम रखते हुए मंदिर में पूजा अर्चना का कार्यक्रम रखा था। वहीं नदी किनारे मेले का लुत्फ उठाने बडी संख्या में लोग पहुंचे थे। मेले के आलावा यहां संगीत कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था।

नगर पालिक निगम द्वारा आयोजित महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर नवनिर्वाचित महापौर अलका बाघमार ने भगवान भोलेनाथ की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर रुद्राभिषेक किया। इस अवसर पर नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर शिवनाथ तट में भगवान शिव की अराधना व महाआरती के साथ रुद्राभिषेक का आयोजन किया, वही इस आयोजित कार्यक्रम में आयुक्त सुमित अग्रवाल जनप्रतिनिधियों के साथ समस्त उपस्थित जनप्रतिनिधियों सहित शिवनाथ नदी की महाआरती कर जलाभिषेक किया। बर्फ से बने शिवलिंग की पूजा अर्चना कर शहर की मंगल कामना की गई।

### गंज चौक से नदी मार्ग तक लगा रहा जाम

शहर से बडी संख्या में लोग महमरा नदी पहुंच रहे थे। गंज चौक से लेकर नदी तक लोगों की भीड रही। बघेरा चौक में पुलिस ने बेरीगेट्स लगा रखा था। इस दौरान पुलिस बल भी लगाए गए थे। महमरा गांव और शहर से आने वाले मार्ग को वाहनों के लिए ब्लाक कर दिया गया था। इस आयोजन में नगर पालिक निगम दुर्ग टीम, पुलिस विभाग रहे। महापौर ने सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी, वहीं अंत में श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरण किया।

### नदी किनारे मेले का भी आयोजन, बडी संख्या में पहुंचे लोग



### मेले में उमड़ी हजारों की भीड़

शिवनाथ तट पर नगर निगम प्रशासन व मंदिर समिति की ओर से मेले का आयोजन किया गया था। मेले में पूजा-पाठ की सामग्रियों के साथ खाने-पीने व उपयोगी सामग्रियों के स्टॉल लगाए गए थे। निगम की ओर से मेला स्थल पर पानी व सुरक्षा की व्यवस्था की गई थी। भगवान भोलेनाथ के पूजा अर्चना के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं ने भी मेले का आनंद लिया।

### ग्रामीण इलाकों में निकली बाबा की बारात

ग्राम खम्हरिया में महाशिवरात्रि के अवसर पर भोले बाबा की बारात शोभायात्रा जोत जवारा के साथ निकला। ग्राम के नवनिर्वाचित सरपंच दुलारी देशलहरे, पंचगण टीकाराम साहू, हरीश कुर्रे, जमुना पटेल एवं पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी की उपस्थिति में भोले बाबा एवं माता पार्वती की पूजा अर्चना कर शोभायात्रा की शुरूआत किया गया। लोकनाथ साहू, अविनाश साहू के मार्गदर्शन में भोले बाबा की बारात झांकी एवं जोत जंवारा के साथ शोभायात्रा निकाली। कार्यक्रम को सफल बनाने में केवरा साहू, हितेश्वरी पटेल, रेवती साहू सीमा साहू मंजूधनी निर्मलकर, शैल साहू , गायत्री पटेल, भारती साहू, रेवती साहू, राधिका साहू, नर्मदा चंद्राकर पुष्पा यादव, पुष्पा पटेल राखी यादव, प्रीति पटेल, बालकदास का योगदान रहा। यह कार्यक्रम लोकनाथ साहू द्वारा प्रतिवर्ष अपनी स्वेच्छा से आयोजन कराते हैं।



### एनएसयूआई ने किया शरबत एवं पानी का वितरण

महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष में दुर्ग एनएसयूआई परिवार के द्वारा शिवनाथ नदी तट पर स्थित शिव मंदिर के सामने शरबत का वितरण किया गया। जिसमे सभी श्रद्धालुओं को शरबत एवं पानी वितरण किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में क्षेत्रवासियों ने धर्म लाभ लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश एनएसयूआई के महासचिव आदित्य नारंग जी, छात्र नेता चैतन्य बंछोर, साहिल टंडन, यश धुर्वे, गौरव पराते, अभिजीत गुप्ता, जय पराते, रिया दत्ता, दीपशिखा दुबे, दीपक टंक, ऋषि साहू, जतिन धुर्वे, गौरव गजभिए उपस्थित रहे।



## पूर्व महापौर बाकलीवाल ने भंडारे में परोसा प्रसाद



**दुर्ग।** नगर निगम के पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल महाशिवरात्रि के दिन शहर के विभिन्न शिवालयों में गए और पूजा अर्चना कर शहर की जनता की खुशहाली की कामना की। श्री बाकलीवाल ढीमर युवा प्रकोष्ठ की शिवाजी की बारात में भी शामिल हुए। उसके बाद पंचमुखी हनुमान मंदिर के शिवालय में जाकर पूजा अर्चना की। श्री बाकलीवाल वार्ड 43 स्थित पंचशील स्कूल के समीप शिव मंदिर भी गए और कांग्रेस के पार्षद दीपक साहू के साथ भंडारे का प्रसाद भी वितरित किया।

## बजरंग दल ने समोदा में बांटे महाप्रसादी



**दुर्ग।** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल दुर्ग ग्रामीण के खंड ग्राम समोदा में प्रभु महादेव की भव्य महाआरती और प्रसादी वितरण किया गया। जिसमे बजरंग दल दुर्ग जिला सह संयोजक खेमलाल सेन, ग्रामीण संयोजक वरुण निषाद, नागेश निषाद, उमेश निषाद, पोषण सेन, शिव साहू, राहुल निषाद, जीतेन्द्र, प्रवीन सेन, प्रवीन डहरिया, कमल निषाद, तुरेन्द्र निषाद सहित सैकड़ो की संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता सहित हिन्दू समाज उपस्थित रहे।

# कलेक्टर की अनुमति के बगैर घास जमीन की बिक्री कर रिकार्ड दुरुस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

रिकार्ड में दर्ज सरकारी जमीनों को राजस्व अधिकारी खुद ही सांठगांठ कर निजी खाते में दर्ज किया जा रहा है। जबकि नियमतः इसके लिए कलेक्टर की अनुमति लेनी होती है। लेकिन बगैर कलेक्टर के आदेश के रिकार्ड भी दर्ज किए जा रहे हैं।

- बिक्री पर है प्रतिबंध, फिर भी दर्ज हो रहे रिकार्ड

राजस्व विभाग के अधिकारी और कर्मचारी ही सरकार की जमीन को निजी खातेदारों के नाम कर रहे हैं। अतिरिक्त तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और पटवारी की सांठगांठ से करोड़ो रूपये की सरकारी जमीन को कलेक्टर के इजाजत और बगैर जानकारी से निजी व्यक्तियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। पिछले दिनों दुर्ग जिले के ग्राम जुनवानी पटवारी हल्का 43 राजस्व निरीक्षक मंडल जुनवानी, तहसील व जिला दुर्ग में सीताराम पिता गिरधारी सुपेला भिलाई निवासी को शासकीय घास भूमि खसरा नंबर 661 के रकबा में 4000 वर्गफिट भूमि जिनकी कीमत लगभग करोडों रूपए की जमीन बताया जाता है। इस जमीन को राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी के प्रतिवेदन के आधार पर अतिरिक्त तहसीलदार हुलेश्वरनाथ खूंटे द्वारा बिना कलेक्टर के अनुमति अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्ग के प्रतिवेदन, अवलोकन के बिना छ.ग भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 89 के तहत भूमिस्वामी हक में आदेश पारित कर दिया गया है। जो इनके कार्य क्षेत्र से बाहर है। बहरहाल यह मामला तेजी से सोशल मिडिया में भी वाइरल हो रहा हैं। इस संबंध में अतिरिक्त तहसीलदार से संपर्क किया, लेकिन उन्होने फोन रिसिव नही किया। कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्ग मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करेंगे या करोड़ो के इस भ्रष्टाचार को आला अधिकारी द्वारा मामले को पिछले दरवाजा से रफादफा कर दिया जाएगा?

### पहले में भी आ चुके ऐसे ही मामले

इसी तरह के एक अन्य मामलें में तत्कालीन अनुविभागीय दंडाधिकारी तारण प्रकाश सिन्हा ने दुर्ग जिले के ही चंदखुरी गांव के खसरा नंबर 1433 के रकबा 0.06 हेक्टेयर पानी के नीचे दर्ज था। जिसे छ.ग भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 89 के तहत अनुमति लेकर सुधार किया था। निजी व्यक्ति की जमीन शासकीय भूमि में दर्ज था, जिसे कलेक्टर से अनुमोदन अनुमति से बंदोबस्त त्रुटि सुधार का आदेश जारी किया गया था।

## महाशिवरात्रि पर कार्यक्रमों में शामिल हुए विधायक



**दुर्ग।** महाशिवरात्रि पर विधायक गजेन्द्र यादव ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर दुर्गवासियो के सुख समृद्धि की कामना की। महाशिवरात्रि पर मंदिर में आने वाले सभी भक्तों को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनायें देते हुए भोग भंडारे में प्रसाद वितरण में युवाओ के साथ हाथ बंटाए। महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर के शिव मंदिरो में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए और शिवलिंग में जल चढ़ाकर पूजा अर्चना की और आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। भोग भंडारे का व्यवस्था की गई थी, जहाँ विधायक गजेन्द्र यादव ने प्रसाद वितरण में अपना हाथ बंटाये।

# छात्रावास में छात्राओं का किया गया स्वास्थ परीक्षण व दिया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

श्री सत्य साईं सेवा के रचनात्मक कार्यों के अंतर्गत सिविल लाइन स्थित आदिम जाति कल्याण विभाग विज्ञान विकास केंद्र के छात्रावास में स्वास्थ्य परीक्षण मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया। छात्रावास में अनुसूचित जाति एवं जनजाति की छात्राएं रहती है उनके स्वास्थ के प्रति विज्ञान विकास केंद्र द्वारा जागरूकता के लिए शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नव निर्वाचित महापौर अलका बाघमार आमंत्रित थीं। जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ हेमंत साहू एवं पार्षद बबीता यादव थे। इस अवसर पर समिति द्वारा आमंत्रित अतिथियों का सम्मान किया गया। महापौर अलका बाघमार ने श्री सत्य साईं सेवा समिति के कार्य तथा सिद्धांत साथ ही विज्ञान विकास केंद्र छात्रावास की व्यवस्था पर प्रशंसा व्यक्त की। शिविर में डॉ मानसी गुलाटी स्त्री रोग विशेषज्ञ, मेडिसिन चिकित्सक डॉ अनिल विवेक सिन्हा, कान नाक गला डॉ अविनाश गुप्ता, दंत चिकित्सक डॉ हर्षिता तिवारी, डॉ अभिषेक खरे, डॉ अंकिता खरे, मनोविज्ञान लिए डॉ केएल भगत, नेत्र रोग के लिए नेत्र अधिकारी अरुण सिंह, होमियोपैथी चिकित्सा के लिए डॉ सूरज राजपूत ने चिकित्सा सेवा प्रदान किए। मौके पर बीपी पांडे, आरके तिवारी, हरिशचंद्र ठाकुर, संदीप नायडू, दिलीप ठाकुर, वी श्रीनिवास राव, सौरव पाण्डेय , नवीन त्रिपाठी, गौरव ठाकुर, मीना पांडे, मंजू तिवारी, सुशीला साहू, अनुपूर्णा राव, मंजू राजपूत, पूजा साहू, सुहासिनी राव, वर्षा राजपूत, तृप्ता नायडू, सौरव पाण्डेय, नवीन त्रिपाठी मौजूद रहे। हीमोग्लोबिन और सिकलीन परीक्षण जिला चिकित्सालय के हमर लैब के टेक्नीशियनों के द्वारा किया गया।

- नवनिर्वाचित महापौर रही मुख्य अतिथि



## अब तक तिथि तय नहीं, बजट प्रस्ताव भी अटका, वादा पूरा होने की बंधी है उम्मीद

# शपथ ग्रहण की बाट जोह रहे भाजपा के बीस चुनावी वादे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरनिगम का चुनाव होने के बाद परिणाम जारी हुए दस दिन से ज्यादा समय बीत चुके है। भाजपा का चुनाव लडने की ललक शपथ ग्रहण तक कायम रहने के बजाय देरी की भेंट चढ रही हैं। बहरहाल अब तक शपथ ग्रहण की तारीख तय नही हो पाई हैं। ऐसे में नगरनिगम का बजट प्रस्ताव जो सभी विभागों से आ चुके है। उसके प्रस्ताव की मंजूरी भी अटकी हुई है। इसके आलावा नगरनिगम के विकास के लिए किए गए भाजपा के बीस वादे भी बांट जोह रहे हैं।

- शपथ ग्रहण को लेकर कार्यक्रम का इंतजार

नगरनिगम में भाजपा की सत्ता पूरे चालीस पार्षदों के साथ बैठने वाली है। बहरहाल शपथ ग्रहण को लेकर लोगों की नजरे टिकी हुई हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का आना तय माना जा रहा हैं। ऐसे में उनके यहां आने की तारीख का इंतजार बाकी हैं। नगरनिगम में और भी कई विकास के कार्य है। जिसकी मंजूरी भी बाकी है। अफसरों ने बताया कि, इस साल के बजट को लेकर सभी विभागों से प्रस्ताव मंगाए जा चुके हैं। एमआईसी के मंजूरी के बाद बजट लागू किए जाएंगे। वही भाजपा द्वारा किए गए बीस वादे भी मंजूरी के अभाव में अमल नही हो सका हैं।




### निर्देश नहीं मिले

शपथ ग्रहण को लेकर अभी कोई सूचना नही मिली है। निर्देश मिलते ही प्रक्रिया पूरी की जाएगी। -**सुमीत अग्रवाल,** आयुक्त दुर्ग

### भाजपा के ये बीस वादे, गाइडलाइन का इंतजार

भाजपा ने नजूल भूमि के स्वामित्व के लिए नया कानून बनाने व सभी पट्टाधारकों को भू-स्वामी बनाने और दूसरा पीएम आवास-शहरी परियोजनाओं को और वर्तमान में स्वीकृत हुए 3 लाख घरों को तेजी से पूरा करेंगे। इसके साथ ही, जो बिजली बिल और समेकित कर पटाते है, उन्हें आवास बनाने की पात्रत देने की घोषणा की गई थी। सबसे बडी घोषणा महिलाओं के नाम पर दर्ज संपत्तियों पर प्रॉपर्टी कर में 25% की विशेष छूट व प्रत्येक माह की 7 तारीख को टैक्स देने पर 10% की विशेष छूट प्रदान करने व महापौर सम्मान निधि' की स्थापना, यूपीएससी मुख्य परीक्षा (मैंस) उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को 1 लाख की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। बाजार क्षेत्रों में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट की सुविधाओं का विस्तार करेंगे, ताकि उन्हें साफ, सुरक्षित और सुविधाजनक शौचालय मिल सके। महाविद्यालयों में मुफ्त वाई-फाई की सुविधा सुनिश्चित करेंगे। पीएम स्वनिधि के माध्यम से वित्तीय सहायता व स्मार्ट वेंडिंग जोन, फूड स्ट्रीट्स की स्थापना करने और बिना जुर्माना या ब्याज लगाए पुराने संपत्ति कर के लिए एकमुश्त निपटान, छात्राओं के लिए फ्री सैनिटरी नैपकिन स्वयं-सहायता समूहों (एसएचजीएस) के लिए हर नगर निगम में बर्तन बैंक की स्थापना, महतारी वंदन के लाभार्थियों को 2.5 लाख का ऋण और मुफ्त प्रशिक्षण प्रदान देने जैसे बीस वादे शहरीय सरकार के बैठने के बाद अमल में आएंगे।

# पालना केन्द्र में क्रेश सहायिका के लिए आवेदन 6 मार्च तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई-2 द्वारा पालना केन्द्र में क्रेश सहायिका के दो रिक्त पदों पर नियुक्ति की जानी है। नियुक्ति हेतु आवेदन 6 मार्च तक भिलाई-02 में आमंत्रित है। आवेदन नगर पालिक निगम भिलाई चरोदा रोड भिलाई 03 में सीधे अथवा पंजीकृत डाक से भेजा जा सकता है। एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई-2 से प्राप्त जानकारी अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्र विद्युत मंडल भिलाई 3 वार्ड क्रमांक 11 एवं सिरसाकला क्रमांक 01 सिरसाकला वार्ड क्रमांक 36 में क्रेश सहायिका की भर्ती की जानी है। एकीकृत बाल विकास परियोजना अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार आवेदन किये जाने हेतु शासन द्वारा निर्धारित आवश्यक गाईडलाईन के तहत आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। एक वर्ष या अधिक सेवा का अनुभव रखने वाली कार्यकर्ता, सहायिका, सह-सहायिका, संगठिका को आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी। आवेदिका उसी वार्ड की स्थायी निवासी होनी चाहिए जिस वार्ड में आंगनबाड़ी केन्द्र स्थित है। निवासी होने के प्रमाण में वार्ड की अद्यतन मतदाता सूची में नाम एवं नगरी क्षेत्र होने पर संबंधित वार्ड की अद्यतन मतदाता सूची में नाम दर्ज हो तो आवेदन पत्र में उसके क्रमांक का उल्लेख कर प्रतिलिपि लगाना होगा।

- अनुभवी को मिलेगा आयु में तीन वर्ष की छूट

## खबर संक्षेप

### चुनाव में जीत के बाद ग्रामीणों ने मनाया जश्न

**अंडा।** दुर्ग जनपद पंचायत चुनाव में क्षेत्र क्रमांक 19 से ग्राम कुथरेल, भानपुरी एवं जंजगिरी से ग्राम कुथरेल के युवा प्रत्याशी लोमश चन्द्रकार जनपद सदस्य पद के विजयी होने पर ग्रामवासियों ने जीत का ऐतिहासिक जश्न मनाया। ग्रामवासियों ने बाजे-गाजे के साथ पटाखे फोड़ कर व गुलाल से शराबोर कर दिए। विजय जुलूस में सबसे पहले लोमश चन्द्रकार ने ग्राम शीतला माता के मंदिर सहित विभिन्न ग्राम के मंदिर का पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। विजय रैली में गांव में घूम कर घर-घर से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर ग्रामीणजन एकत्रित थे। उन्होने सभी मतदाताओं का आभार जताते हुए सभी की सहभागिता से मेरे जनपद क्षेत्र का विकास के लिए कार्य करने का भरोसा दिलाया।

## निधन

### टोमन साहू

**जामगांव आर।** वर्तमान में नगर बाजार रोड जामगांव आर निवासी



व मूल बोहारा निवासी फल व्यवसाई टोमन साहू उम्र 32 वर्ष का निधन हो गया। वे बेनीराम व बिंदाबाई साहू के पुत्र एवं राहुल कुमार के पिता और पूर्णिमा साहू के पति थे। उनका अंतिम संस्कार जामगांव आर मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### लोक आस्था का महापर्व महाशिवरात्रि हर्षोल्लास के साथ मनाया

# ब्रह्म मुहूर्त में स्नान कर किया रूद्राभिषेक जगह-जगह भंडारा व मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भरदा, नगपुरा, अंडा, कुथरेल, धनोरा, दमोदा, बोरई में बुधवार को महा शिवरात्रि के पावन पर्व पर विभिन्न शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना और रूद्राभिषेक किया और आशीर्वाद प्राप्त कर प्रदेश में सुख, शांति एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की। उन्होंने विधि-विधान पूर्वक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की। साथ ही आयोजित भंडारे में महाप्रसादी वितरण किया और प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने बताया कि महाशिवरात्रि भारतीयों का एक प्रमुख त्योहार है। यह भगवान शिव का प्रमुख पर्व है। पौराणिक कथाओं के अनुसार माघ फागुन फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाता है। माना जाता है कि सृष्टि का प्रारम्भ इसी दिन से हुआ था। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस दिन सृष्टि का आरम्भ अग्निलिंग जो महादेव का विशालकाय स्वरूप है के उदय से हुआ। इसी दिन भगवान शिव का विवाह देवी पार्वती के साथ हुआ था। महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा होती हैं और मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती हैं।

इस अवसर पर अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, सुखदेव देवांगन, राजू यादव, मुकेश मांडले, पवन महतेल, शिव निषाद, जीतेश धनकर, भूपेन्द्र रिगरि, प्रदीप ढीमर, भूपेन्द्र ढीमर, दासू ढीमर, शिव ढीमर, जगमोहन ढीमर, राजकुमार, गायत्री साहू, उत्तम चंद्राकर, राजू शर्मा, जगदेव साहू, हरीश देशमुख, नेहा साहू, देविका यादव, संतोष साहू, सत्रुघन साहू, पुनानंद देशमुख, त्रिलोक साहू, दुष्यंत देशमुख, नेतराम देशमुख व बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

**विधायक ललित ने विधि-विधान से की पूजा-अर्चना**



### शिवपार्क कॉलोनी अमलेश्वर में रुद्राभिषेक

**सेलूद।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिवपार्क कॉलोनी अमलेश्वर में शिव मंदिर प्रबंधन समिति एवं समस्त कॉलोनीवासियों के सहयोग से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक एवं महाआरती का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी देते हुए शिव मन्दिर प्रबंधन समिति के मीडिया प्रभारी ललित कुमार बिजौरा ने बताया कि आचार्य पंडित धर्मेंद्र शर्मा के द्वारा रुद्राभिषेक एवं महाआरती का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। मुख्य यजमान निशा अरुण सोनी विराजित रहे महाआरती के पश्चात महाभण्डारा का आयोजन रखा गया है। शाम को शिवपार्क कॉलोनी की महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम हुआ। इस वर्ष भगवान भोलेनाथ को महाकाल के रूप में श्रृंगार किया जो आकर्षण का केंद्र रहा। शिव मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार दुबे, मोरध्वज साहू, ललित कुमार बिजौरा, प्रवीण चंद्राकर, विजय देवांगन, विनोद देशमुख, विजेंद्र चंद्राकर, महेंद्र बंजारे, राजकिशोर भट्ट आदि उपस्थित थे।



### वरिष्ठ पत्रकार लोकेश्वर हुए सम्मानित



**ननकट्ठी।** शिवधाम कोड़िया के शिव मंदिर प्रबंधन समिति ने वरिष्ठ पत्रकार लोकेश्वर सिंह ठाकुर ननकटठी को श्रीफल एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष बेनीराम निर्मलकर सहित समिति के सदस्य गण एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### शिव मंदिरों में भक्तों का लगा तांता



**जामगांव आर।** कुम्हली में कुम्हलेश्वर महादेव का भक्तों ने विधिविधान के साथ पूजा अर्चना की। वहीं बाबा भोले से सुख समृद्धि की कामना की गई।

## अंचल की खबरें

### नवनिर्वाचित सरपंच लता ने सांसद से की मुलाकात



**सेलूद।** पंचायत चुनाव में विजयी प्रत्याशियों में भारी उत्साह दिख रहा है। रवेली पाटन की नवनिर्वाचित सरपंच लता ताराचंद वर्मा ने अपने पंच सदस्यों और कार्यकर्ताओं के साथ दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल से बुधवार को उनके निवास पहुंचकर मुलाकात की और आशीर्वाद लिया तथा आभार व्यक्त किया। सरपंच एवं उपस्थित पंचों ने रवेली गांव को नशामुक्त एवं आदर्श गांव पुनः स्थापित करने की बात सांसद दुर्ग से कही।

उनके साथ यहां पंचगण मोहनी साहू, रमेश बया, प्रेम वर्मा, सुधा वर्मा, जागेश्वर साहू, टॉमिन वर्मा, रेखा ठाकुर, संतोष यादव, भीम साहू और गोमती साहू के साथ रूपेंद्र वर्मा, टिकेंद्र वर्मा, घासीराम साहू, मंगलेश साहू, दामोदर ठाकुर, संदीप वर्मा, रोहित साहू, गंगा साहू , ओम प्रकाश साहू, राहुल यादव यहां पहुंचे थे और सांसद विजय बघेल से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया। सांसद विजय बघेल ने इस अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए कहा कि इस जीत से हमें नई जिम्मेदारियां मिली हैं। हमें जो जनता की उम्मीदें हैं उनका ध्यान रखना है और उसके अनुरूप काम करना है। यह प्रयास किया जाना चाहिए कि विकास के कार्य सभी तक पहुंचे।

### करगाडीह सरपंच ने सांसद विजय से लिया आशीर्वाद



**उतई।** ग्राम पंचायत करगाडीह के नवनिर्वाचित सरपंच करण सेन एवं ग्रामीणों ने बुधवार को सांसद विजय बघेल के भिलाई निवास में सौजन्य मुलाकात कर सांसद से आशीर्वाद लिए। इस मौके पर सांसद विजय बघेल ने सरपंच करण सेन एवं सभी निर्वाचित पंचों को बधाई देते केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को ग्राम के अंतिम व्यक्ति तक कार्य करने एवं ग्राम हित में सबका साथ सबका विकास करने की बात कही। इस मौके पर राजकुमारी यादव, गिनेश्वरी साहू, पूजा साहू, कौशल साहू, रामेश्वरी साहू, जामवंत गजपाल, वीरेन चंदेल, गजानन साहू, खिलेश्वरी साहू, रूपेंद्र साहू, गिरजा बाई सहित आदि उपस्थित थे।

## कोसरिया यादव समाज ने मनायी गीता जयंती व वार्षिक अधिवेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम भोथली में एकदिवसीय गीता जयंती व वार्षिक अधिवेशन कोसरिया यादव समाज सर्किल खाड़ा दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के 25 गांव महिला, पुरुष ने वार्षिक अधिवेशन गीता जयंती पर्व में भाग लिया। इस जयंती में जिसने सामाजिक संगठन परिचय व बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामाजिक यादव बंधुओं व उत्कृष्ट बच्चों सम्मान समारोह आयोजित किया गया। साथ ही गीता पाठ व आदर्श विवाह का कार्यक्रम होना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव, अध्यक्षता प्रीतपाल बेलचंदन अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय सहकारिता समिति दुर्ग, विशेष अतिथि पूर्व विधायक दुर्ग ग्रामीण प्रतिमा चन्द्राकर, आशा विक्की मिश्रा जिला पंचायत सदस्य, अध्यक्ष शा. महाविद्यालय निकुम सुरेश छोटू साहू, अध्यक्षता गुमेंद्र यादव सर्किल अध्यक्ष सर्किल खाड़ा, क्षेत्रीय जनपद सदस्य दामिनी साहू, ग्राम पंचायत भोथली सरपंच लेमिन खुटेल, मुकेश बेलचंदन, ग्राम पंचायत आमटी नवनिर्वाचित सरपंच दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी, नन्द कुमार साहू, तारा शर्मा सहित आदि उपस्थित थे। यह आयोजन सामाजिक एकजुट को मजबूत करने के लिए किया जा रहा है साथ ही समापन समारोह में बोधन राम यादव जिला अध्यक्ष दुर्ग जिला कोसरिया यादव महासभा साथी व क्षेत्रीय जनपद सदस्य, ग्राम पंचायत भोथली सरपंच व समाज के नागरिकगण उपस्थित रहेंगे। मुख्य अतिथि दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि सभी समाज को एक जुट होकर काम करना चाहिए। यादव समाज को एक बढ़ा भवन बनाने के लिए 20 लाख रुपए की घोषणा की गई। यादव समाज के बेटी, बेटा जो पढ़ाई में अच्छे नंबर से पास हुआ है उसको प्रतिक चिन्ह और श्रीफल देकर भेंट किया गया।



■ विधायक गजेन्द्र ने भवन बनाने 20 लाख रुपए की घोषणा की

## डुमरडीह के नवनिर्वाचित सरपंच धर्मेंद्र ने निकाला विजय जुलूस

**उतई।** ग्राम पंचायत डूमरडीह के नव निर्वाचित युवा सरपंच धर्मेंद्र बंजारे एवं उनके पंच और समर्थकों ने निकाला ग्राम मे विजय जुलूस। इस दौरान उतई नगर के नवनिर्वाचित युवा पार्षद राकेश साहू ने सरपंच धर्मेंद्र बंजारे और युवा पंच नवलकिशोर सिंह का शाल,श्रीफल देकर सम्मान किया और जीत की बधाई दिया। जुलूस में ग्रामीणों की भीड़ बड़ी संख्या में नजर आई। पहली बार ग्राम डूमरडीह में गंगा नगर से सरपंच बना है जिसको लेकर भारी उत्साह देखा गया। युवा सरपंच धर्मेंद्र बंजारे ने जुलूस के दौरान ग्राम के सभी वरिष्ठों का प्रणाम कर आशीर्वाद लिया और सभी का आभार माना।

युवा सरपंच धर्मेंद्र बंजारे ने ग्रामवासियों को पूरी तरह आश्वस्त किया कि किसी को भी जब भी मेरी आवश्यकता पड़े मैं 24 घंटे सेवा के लिए तैयार रहूंगा। ग्राम विकास में किसी भी प्रकार से कोई कमी नहीं आएगी। सभी को शासन की योजनाओं का लाभ मिलेगा। बस स्टैंड उतई और डूमरडीह का मामला लंबित है उसके लिए निराकरण करने रास्ता निकाला जाएगा।

### पति-पत्नी 2015 से बनते आ रहे हैं सरपंच





**उतई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम पंचायत खोपली में रहने वाले फत्ते वर्मा की कोई राजनीतिक पृष्ठ भूमि नही होने पर भी 2015 से स्वयं दो बार और अपनी पत्नी को दो कार्यकाल जिताकर सरपंच बना चुके हैं। फत्ते वर्मा बताते हैं कि 2015 में पहली बार सरपंच बने उसके पहले वह मेशन काम करते थे। उसके बाद मैने ड्राइवर कमलेश साहू के पास 2 साल हाइवा में हेल्फरी किया और 4 साल तक एनएसपीसीएल कॉलोनी में गार्ड ड्यूटी किया है। मेरे सरपंच बनने से पहले ग्राम खोपली में अवैध रूप से शराब बिक्री व सट्टा का कारोबार चलता था जिसका पुरजोर विरोध किया गया जिसके चलते मुझे धरना प्रदर्शन भी करना पड़ा। इसी के चलते मुझे राजनेताओं से मिलना पड़ता था इसी वजह से मुझे खोपली के ग्रामीणों ने सरपंच प्रत्याशी के रूप में में खड़ा कराया और सरपंच भी बनाया तब से आज तक पूर्णरूप से अवैध शराब बिक्री, जुआ, सट्टा का कारोबार बंद है। जब मैं कांग्रेस शासन काल में सरपंच बना उस समय मुझे राजनीतिक द्वेष पूर्ण 2022 में धारा 40 के तहत सरपंच पद से बर्खास्त कर दिया गया उसके बाद उपचुनाव हुआ जिसमें मैंने अपनी पत्नी मंजू वर्मा को खड़ा किया जिसमें मेरी पत्नी ने 521 मतों से ऐतिहासिक जीत दर्ज की। उन्होने आगे कहा कि ग्रामीण स्तर पर राजनीति करना है तो उनके बीच मूलभूत सुविधा जैसे रोड, नाली, पानी तथा हितग्राहियों को पेंशन देने के साथ-साथ उनके छोटे बड़े दुख-सुख में हमेशा साथ खड़े रहना ही ग्रामीण स्तर पर लंबी राजनीति करने का मूल मंत्र है ।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## शिवाजी जयंती पर दिल्लीवार कुर्मि क्षत्रिय समाज ने धूमधाम से निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

छत्रपति शिवाजी जयंती समारोह पर दिल्लीवार कुर्मि क्षत्रिय समाज ने भव्य कलश यात्रा के साथ छत्रपति शिवाजी जयंती समारोह का गौरवमयी आयोजन ग्राम कुथरेल में किया गया। कलश यात्रा में समाज की महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर पूरे गांव का भ्रमण किया। बाजे-गाजे के साथ निकली कलश यात्रा पूरे गांव में शिवाजी जयंती समारोह का संदेश देते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। जहां पर सभी सामाजिकगणों के द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रतिमा पर पूजा-अर्चना किया गया। तत्पश्चात मंचीय कार्यक्रम की शुरुआत हुई जिसमें गांव के बुजुर्ग सलाहकारों को मंच पर बुलाकर उनका स्वागत और सम्मान किया गया। साथ ही सामाजिक बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई।

महिलाओं ने कलश यात्रा के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी भाग लिया जिसमें सुआ नृत्य ने लोगों का मन मोह लिया साथ ही महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़ का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, नवनिर्वाचित जनपद सदस्य लोमस चंद्राकर, ग्राम पंचायत कुथरेल की नवनिर्वाचित सरपंच गीता गजपाल, चिंगरी सर्किल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रमेश कुमार देशमुख एवं नवनिर्वाचित सचिव कांति देशमुख उपस्थित थे।

विधायक ललित चंद्राकर ने समाज के द्वारा आयोजित छत्रपति शिवाजी कार्यक्रम को काफी सराहा एवं कहा कि कुर्मी समाज को एक धागे में पिरोने का काम यह शिवाजी जयंती समारोह के माध्यम से हो रहा है। अब प्रत्येक गांव में शिवाजी महाराज की जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है जो कि कुर्मी समाज के लिए एक गौरवशाली पहल है। उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज की जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिवाजी एक धर्मपरायण हिन्दु शासक थे तथा वह धार्मिक सहिष्णु भी थे। उनके साम्राज्य में मुसलमानों को धार्मिक स्वतंत्रता थीं। कई मस्जिदों के निर्माण के लिए शिवाजी ने अनुदान दिया। हिन्दू पण्डितों की तरह मुसलमान सन्तों और फ़कीरों को भी सम्मान प्राप्त था। उनकी सेना में मुसलमान सैनिक भी थे। शिवाजी हिन्दू संस्कृति को बढ़ावा देते थे। पारम्परिक हिन्दू मूल्यों तथा शिक्षा पर बल दिया जाता था। अपने अभियानों का आरंभ वे प्रायः दशहरा के अवसर पर करते थे।

कार्यक्रम का संचालन उमेश चंद देशमुख एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन दुष्यंत देशमुख के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष गोविंद देशमुख, उपाध्यक्ष लोकेश देशमुख, सचिव डायमंड देशमुख, कोषाध्यक्ष खोमेन्द्र देशमुख, सहसचिव युवराज देशमुख आदि उपस्थित थे।



■ छत्रपति शिवाजी जयंती समारोह में विधायक ललित हुए शामिल

### पेट पर लगी थी मामूली चोट, भीतर हो गया घाव, किया सफल इलाज

**भिलाई।** पैर फिसलने से एक युवक घायल हो गया। उसे अंधरूनी चोट आई। जिसे मामूली चोट समझा गया, वह इतना गंभीर निकला कि उसकी सर्जरी करनी पड़ी। दरअसल युवक काम करते समय अनियंत्रित होकर गिर पड़ा था। गिरते समय पाइप का एक टुकड़ा उसके पेट से टकराया, लेकिन वहां कोई निशान नहीं था। पेट में तेज दर्द शुरू हो गया। कुछ खाने पर उल्टी होने लगी। दोपहर को वह अस्पताल पहुंचा तब जाकर चोट की गंभीरता का अंदाजा हुआ। लैप्रोस्कोपिक गैस्ट्रो सर्जन डॉ नविल शर्मा ने बताया कि चोट की गंभीरता इससे तय नहीं होती कि चोट कितनी जोर से लगी है। चोट के कारण हुए नुकसान से इसका आकलन किया जाता है। मरीज के पेट पर कोई ठोस वस्तु टकराई थी, जिसका कोई निशान शरीर पर बाहर से दिखाई नहीं दे रहा था। जब सोनोग्राफी की गई तो आमाशय और छोटी आंत के मिलन स्थल पर गड़बड़ी मिली। अन्य जांचों से चोट की गंभीरता की पुष्टि हो गई। चोट लगने से उसकी ग्रहणी अलग हो गई थी। ग्रहणी यानी डुओडेनम जिसे छोटी आंत का पहला हिस्सा कहा जाता है। यह आमाशय के ठीक बाहर होता है। यह भोजन को तोड़ता है और पोषक तत्वों को शरीर में पहुंचाता है। डॉ. शर्मा ने बताया कि ग्रहणी के अलग होते ही शरीर ने अपना बचाव शुरू कर दिया। आमाशय तक पहुंचने वाली हर चीज को मुंह के रास्ते ही बाहर करने लगा। अब समस्या यह थी कि इसकी सर्जरी कैसे की जाए। उन्होंने हाइब्रिड तकनीक अपनाने का निर्णय लिया। सबसे पहले लैप्रोस्कोप (दूरबीन) की सहायता से चोट की सही स्थिति का पता लगाया गया। फिर एक छोटा सा चीरा लगाकर सर्जरी कर दी गई। कुछ ही घंटों में रोगी को दर्द से मुक्ति मिल गई। छह दिन बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।



### भक्तों की लगी लंबी कतारें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

ग्राम कुम्हली स्थित स्वयंभू कुम्हलेश्वर शिवलिंग महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सुबह से ही पूजा- अर्चना के लिए भक्तों की लंबी कतार लगी रही।

**IN THE HONOURABLE COURT OF THE MOTOR ACCIDENT CLAIMS TRIBUNAL-CUM-I ADDITIONAL DISTRICT JUDGE AT VIZIANAGARAM**

M.O.P. 97/2021

Between: Edubilli Lokosh being minor Reptd. By his father and guardian, Edubilli Krishna... Petitioner **And** Lakshna Yadav and others... Respondents

R-2: M/s Balaji Transport Company, Reptd. By its Owner, Bhushan L Wadhwani, S/o Laxmandas Wadhwani, Resident of Gandhinagar Ward, Bhilai Charoda, BMY, Durg District, Chattisghad State.

**NOTICE**

Please take notice that the above O.P., stands posted to 04-03-2025 for notice to the 2nd respondent. You should appear in person or through an advocate at 10-30 AM on the above said date in the above court.

If you to appear on the said date the above matter will be decided expartee.

(P.A.N. Raju)
Advocate for the petitioner

**न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

कमांक / 157/प्रस्तुतकार/विवाह अधि./2024-25

दुर्ग, दिनांक 18/02/2025

**फार्म-अ**

**सार्वजनिक सूचना (विषय-6 देखिये)**

सर्व साधारण को जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश बाघ पिता देबचन बाघ निवासी मकान 136 सड़क 2 मॉडल टाउन मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) 490020 आवेदिका रिकिरानी मंगराज पिता दशरथ मंगराज निवासी दोहेलपाड़ा, पोस्ट खासबहाल, तहसील राजाखरियार जिला नुआपाडा (उड़ीसा) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 13/3/25 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 18/02/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

अपर कलेक्टर
एवं विवाह अधिकारी दुर्ग

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### स्मृतिनगर चौक पर दुर्घटना का अंदेशा

**भिलाई।** स्मृतिनगर जुनवानी चौक पर गड्ठे के कारण दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है । खासकर शाम को ट्रैफिक अधिक होने पर लोगों को वाहन चालन में परेशानी होती है। यहां रोड के किनारे लंबा गड्ढा होने से स्लिप होकर गिरने की आशंका बनी रहती है। स्ट्रीट लाइट की रोशनी कम होने से वाहनचालकों को गड्ढा ठीक से दिखाई नहीं देता है। क्षेत्रवासियों ने जल्द मरम्मत की मांग की है।

### मार्केट में गंदगी से लोग परेशान

**भिलाई।** सेक्टर 6 सी मार्केट में व्याप्त गंदगी से लोगों को परेशानी हो रही है। मार्केट में सीवेज का पानी बहने और जगह जगह कचरे के ठेर से बदबू है। नाले के किनारे दुकानों का कचरा उलीचा जा रहा है। मार्केट परिसर की नियमित सफाई नहीं होने से अस्वच्छता और दुर्गंध की समस्या आम हो चली है। मैकेनिक लाइल और सब्जी बाजार सड़क के सामने भी आए दिन कचरा पसरा रहता है। व्यवसायियों ने नियमित सफाई की मांग बीएसपी से की है।

### प्लेट मिल कर्मियों को मिला शिरोमणी सम्मान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल विभाग में कर्म एवं पाली शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन मुख्य महाप्रबंधक के बेहेरा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। शिरोमणि पुरस्कार समिति द्वारा अनुशंसित पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। सितंबर–दिसंबर 2024 तिमाही के लिए सहायक प्रबंधक प्रीतम रामदास संडुगे को पाली शिरोमणि पुरस्कार से नवाजा गया। जुलाई के लिए इंजीनियरिंग एसोसिएट ए अनिल, अगस्त के लिए जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट रूपलाल साहू, सितंबर इंजीनियरिंग एसोसिएट सुभाष बांगड़े जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट आलोक कुमार पुरोहित, नवंबर - इंजीनियरिंग एसोसिएट रामनगीना जायसवाल, दिसंबर - जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट रूपेन्द्र कुमार साहू को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेकेदारों को मिलना चाहिए पर्याप्त काम

## सेल कांट्रेक्टर एसोसिएशन ईडी राकेश कुमार से मिला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सेल स्टील प्लांट कांट्रेक्टर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार से मिलकर ठेकेदारों को पर्याप्त काम देने, सूचना के अधिकार के तहत बीएसपी में पात्रता मापदंड आदेश लागू किए जाने सहित कई मांगों के निदान की मांग की। ईडी ने आश्वस्त किया है।

बैठक में कांट्रेक्टर और ठेका मजदूरों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। एसोसिएशन ने हर तीन महीने में बैठक कराने की मांग की जिस पर सहमति दी।ईडी राकेश कुमार ने आस्वस्त किया कि कांट्रेक्टर और ठेका मजदूरों की उपेक्षा नहीं होगी। पंजीकृत ठेकेदारों को हरसंभव काम मिलेगा।



सदस्यों ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया में लॉटरी सिस्टम लागू करने से कई खामियां होने से कई कांट्रेक्टर काम से वंचित हो रहे हैं। प्रेसिडेंट कादर ने बाताया कि सभी 129 सार्वजनिक उपक्रमों में क्रय अनुबंध प्रक्रिया लागू है,लेकिन बीएसपी में नियमावली अक्सर बदलते रहने से कांट्रेक्टर को दिक्कतें होती हैं।

लॉटरी सिस्टम में बदलाव कर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से संचालित करने की भी मांग की। चर्चा में ईडी ने कहा कि प्रक्रियागत अगर कुछ समस्याएं हैं तो उसे सुलझा लिया जाएगा, इसके लिए मैनेजमेंट लॉटरी सिस्टम की समीक्षा करेगा। रेट कांट्रेक्ट (सिविल) को प्लांट एरिया में लागू करने का आश्वासन दिया। एसोसिएशन की ओर से बताया गया कि केंद्रीय सूचना आयोग द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत भिलाई स्टील प्लांट में पात्रता मापदंड और समान कार्य के संदर्भ में दिए आदेश को अब तक लागू नहीं किया गया है। बैठक में सदस्यों ने सीआईएसएफ से अदेयता प्रमाणपत्र (एनडीसी) मिलने में हो रही देरी से आ रही व्यवहारिक दिक्कतों को दूर करने की मांग की जिस पर आश्वासन मिला। ठेका मजदूरों का स्वास्थ्य परीक्षण निजी एजेंसी के बजाए ईएसआईसी के माध्यम और सेफ्टी विभाग द्वारा मनमाने ढंग से फाइन लगाए जाने सहित कई अन्य मुद्दे भी उठाए। बैठक में एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष जगन्नाथ मुखर्जी, महासचिव सीके मोहन सहित के. तुलसी धरन पिल्लई, विद्यासागर त्रिपाठी, के ए अंसार, के विजय कुमार, एनपी मिश्रा, मनीष श्रीवास्तव, मोहन राव और के थंगराज उपस्थित थे।

## एकजुट होकर यूनियन कर रही एनजेसीएस बैठक की मांग

# वेतन समझौता पूर्ण नहीं होने से नुकसान में बीएसपी कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सेल कर्मचारियों के वेतन समझौता के अपूर्ण होने की कीमत हजारों कर्मचारियों की चुकानी पड़ रही है। लेटलतीफी से कर्मियों को हजारों रुपए का नुकसान हो रहा है। इससे उनमें असंतोष बढ़ रहा है। यूनियनों ने एकजुट होते हुए जल्द एनजीसीएस बैठक बुलाकर समाधान की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि सेल कर्मचारियों का वेतन समझौता पांच साल से अपूर्ण है। इस दौरान संयुक्त यूनियन कई बार सेल प्रबंधन से मांग के साथ धरना प्रदर्शन कर चुकी है। इसके बाद भी उच्च प्रबंधन उदासीन बना हुआ है। पे रिवीजन अब तक पूर्ण नहीं होने से भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल के हजारों कर्मचारियों का 39 महीने का एरियर्स और भत्ते और एचआरए आदि लंबित है। गौरतलब है कि वेतन समझौता एनजेसीएस बैठक में पे रिवीजन पर पांचों एनजेसीएस सदस्य यूनियनों के बीच सहमति नहीं बन पाई थी। बैठक में प्रबंधन द्वारा यूनियनों की मांग के तहत 35 प्रतिशत पर्क्स, एचआरए और 39 माह के एरियर्स निर्धारण नहीं करने पर प्रबंधन तैयार नही था। प्रबंधन ने परंपरा के विपरीत सर्वसम्मति की बजाए बहुमत का रुख अख्तियार किया। सीटू और बीएमएस ने असहमति जताते हुए एमओयू पर दस्तखत नहीं किए थे। एटक, एचएमएस व इंटक ने एमओयू ने हस्ताक्षर किए थे। लेकिन बाद में जल्द वेतन समझौता पूर्ण करने पांचों यूनियनों ने एकजुटता दिखाई । लेकिन प्रबंधन अब तक अडिग है। इससे कर्मियों में असंतोष बढ़ रहा है।

### वेतन समझौता पूर्ण नहीं होने से कर्मचारियों में बढ़ रहा है असंतोष

### एरियर्स भुगतान नहीं होने से असंतोष

सेल कर्मचारियों का वेतन समझौता अब तक अपूर्ण होने से कर्मियों को हजारों रुपए का नुकसान हो रहा है। कर्मचारी अब लंबित एरियर्स पर ब्याज भुगतान के लिए दबाव की रणनीति बना रहे हैं। यूनियनों पर भी जल्द भुगतान के लिए पुरजोर दबाव बना रहे हैं। संयुक्त यूनियन के मुताबिक सेल कर्मचारियों का 39 महीने के एरियर्स का भुगतान अब तक नहीं हुआ है। जबकि प्रबंधन ने एनजेसीएस बैठक में एरियर्स भुगतान का आश्वासन दिया था।



### धरना प्रदर्शन से दबाव

यूनियनों द्वारा अपूर्ण वेतन समझौता और लंबित एरियर्स के लिए सेल प्रबंधन पर पुरजोर दबाव बना चुके हैं। कई बार सेलव्यापी आंदोलन के साथ बीएसपी में धरना, प्रदर्शन और गेट मीटिंग आदि कर जल्द मांग पूर्ण करने दबाव बना चुके हैं। सेल चेयरमेन, इस्पात मंत्री, और सेल डायरेक्टर को ज्ञापन भी देकर थक चुके हैं। यूनियनों के मुताबिक यदि जल्द लंबित एरियर्स भुगतान नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

## ईपीएफओ संबंधी बीएसपीकर्मियों की समस्या जल्द दूर हो: बीएमएस संघ



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

बीएसएम संघ यूनियन द्वारा बीएमएस संघ यूनियन कार्यालय सेक्टर 6 में ईपीएफओ के सम्बन्ध में बैठक हुई । अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष चन्ना केशवलू ने की। नियोक्ता से कर्मचारी हित में जल्द समाधान देने की मांग की गई। कर्मचारियों के उच्च पेशन को लागू करने में ईपीएफओ क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर द्वारा बीएसपी ट्रष्ट रूल्स का हवाला देते हुए आगे की कार्यवाही को रोक दिये जाने से परेशानी हो रही है। बैठक मे बीएसपी के सीपीएफ ट्रष्टी दिल्ली राव, आईपी मिश्रा और अनिल सिंह द्वारा संयंत्र के कर्मचारियों को उच्च पेंशन के संदर्भ में संयंत्र प्रबंधन एवं ट्रष्ट के प्रयास तथा ट्रस्टियों द्वारा ईपीएफआ क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर को लिखे गए पत्रों से भी अवगत कराया गया । यूनियन ने कहा कि सेल के सभी इकाइयों के ट्रस्ट रूल्स एक सामान है जिसमे बीएसपी ट्रस्ट भी एक है। इसके बाद भी केवल बीएसपी के कर्मचारियों के साथ समस्या उत्पन्न की गई है। संयंत्र प्रबंधन एवं ट्रस्ट इस समस्या को सुलझाने के लिए लगातार ईपीएफओ क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर के साथ संपर्क में है। बैठक में कर्मचारियों ने नियोक्ता द्वारा किये जा रहे प्रयास में और गति लाने की आवस्यकता है। उच्च न्यायलय द्वारा पारित आदेश को 2 वर्ष बीत चुके है एवं ईपीएफओ क्षेत्रीय कार्यालय, द्वारा बीएसपी के 16 हजार कर्मचारियों को ईपीएफओ जारी करने के लिए सभी औपचारिकताओं को पूर्ण कर लेने के बावजूद कर्मचारियों के द्वारा भेजी गई राशि को वापस किये हुए 6 माह से ज्यादा वक्त बीत गया। लेकिन प्रबंधन रायपुर कार्यालय तक ही सिमित रहा। कर्मचारियों को अपनी हालत में छोड़ देना नियोक्ता का कर्तव्य नहीं है।

- बैठक में प्रयास तेज करने की मांग

## स्वर्ण प्रकटोत्सव और महाशिवरात्रि का अद्भुत व पावन संगम, उमड़े श्रद्धालु





हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

डोंगरगढ़ वासिनी मां बम्लेश्वरी मंदिर सेक्टर 6 के सात दिवसीय 50 वें स्वर्ण प्रकटोत्सव के छठे दिन आज बुधवार को भक्तिमय वातावरण में विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए।

- मां बम्लेश्वरी मंदिर में पांच कुंडीय शतचंडी यज्ञ की पूर्णाहुति और महारुद्राभिषेक

पांच दिवसीय शतचंडी यज्ञ की पूर्णाहुति हुई। मां बम्लेश्वरी के स्वर्ण प्रकटोत्सव और महाशिव रात्रि पर महारुद्राभिषेक से पूरा मंदिर परिसर हर हर महादेव और मां जगदंबा के जयघोष से गूंज उठा। जगदंबा मंदिर डाकतार कालोनी सेक्टर 6 में महाशिवरात्रि और मंदिर के प्रकटोत्सव से सुखद संयोग से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। सुबह 10 बजे से गौरी गणपति व वेदी पूजन के बाद चंडीपाठ हुआ। इसके बाद विधि विधान से मां बम्लेश्वरी का अभिषेक किया गया। शाम को पांच कुंडीय शतचंडी यज्ञ की पूर्णाहुति हुई। शंकराचार्य के शिष्यों द्वारा विधिविधान से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान कराया गया। शाम चार बजे महाआरती हुई। इसके बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारती कॉलेज व आयुर्वेदा क्लीनिक द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

### शिवमय हुआ माहौल

बम्लेश्वरी मंदिर में आज महाशिवरात्रि का पर्व भी पारंपरिक रुप से पूर्ण श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। भगवान शिव का पुष्प बेलपत्र दूब आदि से पूजार्चना की गई। दुग्ध से महारुद्राभिषेक किया गया। पूरा मंदिर परिसर भगवान शिव के जयकारे से गूंज उठा। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। बम्लेश्वरी मंदिर निर्माण के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण प्रकटोत्सव का समापन कल गुरुवार को नित्य पूजन, आरती और महाप्रसाद तथा शोभायात्रा से होगा।

## वर्क आर्डर मिलने के बाद भी काम शुरू नहीं

**भिलाई।** रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ऐसे निर्माण एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए है, जो काम करने में रूचि नहीं दिखा रहे है। आयुक्त के निर्देश पर निगम के अधिकारी अंतिम नोटिस जारी कर दी है। चेतावनी के दायरे में आने वाले निर्माण एजेंसी की संख्या लगभग 12 है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि शासन के अलग-अलग मद से वार्डो में नाली निर्माण, सी.सी. रोड और मंच निर्माण का कार्य स्वीकृत किया गया है। टेंडर प्रक्रिया में वरीयता के आधार पर कार्य आरंभ करने कार्यपालन अभियंता द्वारा कार्य आदेश भी जारी हो चुका है। इसके बाद भी निर्माण एजेंसी कार्य आरंभ करने में रूचि नहीं दिखा रहे है। उन्होंने बताया कि अंतिम नोटिस के बाद भी कार्य आरंभ न करने पर कार्य रद्द कर ब्लेक लिस्ट करने के लिए पंजीकृत विभाग को पत्र प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि जनवरी में आयुक्त ने लोक निर्माण विभाग की समीक्षा की थी। तब अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया था कि प्रभारी इंजीनियर कार्य आदेश की सूची रखे। कार्य आदेश के बाद फरवरी अंतिम सप्ताह तक कार्य हर हाल में पूर्ण करवाएं।

स्वच्छता और निर्माण कार्य की प्रगति रिपोर्ट लेने आयुक्त लगातार मॉर्निंग विजिट कर रही है। स्टेशन मरोदा वार्ड निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने निर्माण कार्य स्थल पहुंची तो खुलासा हुआ कि एजेंसी ने कार्य प्रारंभ ही नहीं किया है।

## से.7 शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर हुआ महारूद्राभिषेक





**भिलाई ।** सेक्टर 7 रशियन काम्पलेक्स के पीछे स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि का पर्व पांरपरिक रुप से श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर भगवान शिव की पूजार्चना हुई और दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शिव मंदिर में भगवान शिव के साथ माता पार्वती और विघ्नहर्ता गणेश की मूर्ति स्थापित की गई। इसके बाद विधिविधान से भगवान शिव का अभिषेक किया गया। पं. रतन शुक्ला ने पूर्जाचना करवाई। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें अनेक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर में सुबह से महिलाओं, बच्चों और बड़ों का पूजाअर्चना के लिए तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने पुष्प दूब, बेलपत्र से पूर्जा कर नारियल और फलों का प्रसाद अर्पित किया। आयोजन में मंदिर समिति के पिंटू शाह, राहुल यादव, विजय, आलोक, आश्विन, आकाश, वेदांत आदि का योगदान रहा।

### शिव परिवार की प्राणप्रतिष्ठा



महाशिव रात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा शिव मंदिर परिसर में स्थित हनुमान मंदिर की भी साजसज्जा की गई। वहीं शिव मंदिर में शिव परिवार मां पार्वती, गणेश और कार्तिकेय की मूर्तियों की भी प्राणप्रतिष्ठा विधिविधान से की गई। हनुमान मंदिर के रिनोवेशन में रंगरोगन, रामनाम और हनुमान चालीसा का आकर्षक फ्लेक्स और वंदनवार एंगल आदि भी लगाया गया। इस कार्य में प्रखर सोनी, राहुल और यश आदि क्षेत्र के श्रद्धालुओं का अवदान रहा।

## बोरसी रेलवे क्रासिंग पर अंडरब्रिज निर्माण कार्य हुआ शुरू, होगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



बोरसी दल्ली राजहरा रेलवे क्रासिंग पर आने वाले दिनों में लोगों को ट्रैफिक की समस्या से निजात मिल जाएगी। क्रासिंग पर अंडरब्रिज निर्माण के लिए काम शुरु हो गया है। इससे क्षेत्र के वाहनचालकों को आवाजाही में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। बोरसी बस्ती दल्ली राजहरा रेलवे लाइन के क्रासिंग पर ट्रेनों की आवाजाही के दौरान के दौरान ट्रैफिक की समस्या बनी हुई है। इसके निदान के लिए क्षेत्रवासियों द्वारा सालों से यहां रेलवे अंडरब्रिज की मांग की जा रही थी। इसे देखते हुए नगर निगम और रेलवे द्वारा अब यहां रेलवे अंडरब्रिज का निर्माण के लिए तैयारी शुरु कर दी गयी है। रेलवे क्रासिंग के लिए जेसीबी से खुदाई और समतलीकरण किया जा रहा है। बाधा बने पत्थरों,पेड़ों, खंभों को हटाया जा रहा है। निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। रेलवे क्रासिंग पर अंडरब्रिज निर्माण हो जाने से धनौरा व टाउनशिप आने जाने वालों को ट्रैफिक की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। दल्ली रेलवे ट्रैक पर रेलवे क्रासिंग साठ साल पुराना है। इस दौरान बोरसी के आसपास कई कालोनिया विकसित होने से इस व्यस्ततम मार्ग पर ट्रैफिक बहुत बढ़ गया है।

चोट एवं जलने के बाद घाव की प्लास्टिक सर्जरी
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

## सुरक्षा के लिए ग्रास रुट पर करें काम

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के व्यवसायिक उत्कृष्टता विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के नौ महीने (अप्रैल से दिसम्बर) के प्रदर्शन की समीक्षा के लिए महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में "लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन" (एलजीआई) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता और कार्यपालक निदेशकों ने आगामी लक्ष्यों में बेहतर परिणाम प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रवर्ती, डॉ. अशोक कुमार पंडा, पवन कुमार, बीके गिरी, डॉ. एम. रवींद्रनाथ, राकेश कुमार और कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार, प्रभारी सीजीएम उपस्थित थे। नौ महीने के दौरान संयंत्र और खदानों के प्रदर्शन तथा डिस्पैच की समीक्षा की गई। विभिन्न विभागों द्वारा संयंत्र के प्रदर्शन पर आधारित प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें आगामी लक्ष्यों के संदर्भ में ठोस रणनीतियाँ और योजनाएँ साझा की गई। ठेका श्रमिकों और डिप्लोमा इंजीनियरों के अधिकार, जीवन बीमा सुरक्षा, संयंत्र में उनकी सहभागिता, ई-जीरो नीति, डेट इक्विटी, तकनीकी-अर्थशास्त्र, डीकार्बोनाइजेशन, कार्बन डाईऑक्साइड और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी के प्रयास तथा संयंत्र की सुरक्षा आदि पर भी चर्चा हुई। श्री दासगुप्ता ने कार्यपालक निदेशकों के साथ कर्मचारियों के प्रश्नों का उत्तर दिया और विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। कहा कि हमें मिलकर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए लगातार अपने प्रयासों को गति देनी होगी।

- बीएसपी में वित्तीय वर्ष के नौमाही प्रदर्शन पर लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

online Booking:-www.tripuryatra.com
श्रीनगर, गुलमर्ग, सुलमर्ग
9 दिन
19 मार्च से 27 मार्च 2025, 16 अप्रैल से 24 अप्रैल 2025
07 मई से 15 मई 2025, 04 जून से 12 जून 2025
राशि:-स्लीपर 12500/-, 3 एसी 22,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी
93406-38884
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक
21 मार्च 2025
02 अप्रैल 2025
11 अप्रैल 2025
09 मई 2025
23 मई 2025
06 जून 2025
राशि: स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)







बाबा भोलेनाथ की अनोखी बारात : बाराती बने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव

# आंध्रप्रदेश के श्रीकाकुलम दुर्गा, हरियाणा के अघोरी श्मशान और केरल के हंस-पक्षी नृत्य, जबलपुर की विशाल झांकियों के साथ बाबा की बारात ने किया नगर भ्रमण

महाशिवरात्रि पर बुधवार को पूरे जिले में अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। देवालयों में सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा। रूद्राभिषेक, प्राण प्रतिष्ठा समारोह से लेकर शिवनाथ नदी और खारून नदी तट पर मेले का आयोजन किया गया। जगह-जगह भंडारा का आयोजन हुआ। पूरे दिन भोलेनाथ के इस पर्व पर गीत-संगीत गूंजायमान रहा। इन सबके बीच बोल बम समिति द्वारा आयोजित बाबा की बारात और शिव-पार्वती का विवाह संस्कार आकर्षण का केंद्र रहा।आयोजन में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सहित अन्य बाराती बने। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। आयोजन के दौरान आंध्रप्रदेश, हरियाणा, पंजाब, केरल, मध्य प्रदेश के जबलपुर की नृत्य कला मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। बारात हथखोज से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए खुर्सीपार मैदान में समाप्त हुई। जहां भंडारा के बाद शिव-पार्वता का विवाह संस्कार संपन्न कराया गया। अपने तरह के इस अनोखे आयोजन में हजारों की संख्या में लोग स्वस्फूर्त शामिल हुए।

**भिलाई।** हथखोज से निकली बाबा की बारात में भूत-पिशाच नजर आए। सैकड़ों की संख्या में डीजे-धुमाल और मनमोहक झांकी के बीच भक्त थिरकते रहे। हथखोज से झांकी शुरू हुई जो खुर्सीपार-नंदिनी रोड तक केनाल रोड में भव्यता के साथ बाबा की बारात देखने को मिली। भोले बाबा की बारात में बतौर बाराती बनकर पहुंचे डॉ. रमन सिंह ने पूजा-अर्चना कर बाबा की बारात की शुरुआत की। इस मौके पर भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, शहर विधायक गजेंद्र यादव, समाजसेवी नवीन केडिया, उद्योगपति विजय गुप्ता, शिक्षाविद् संजय रूंगटा, आईपी मिश्रा, संजय ओझा, डॉ. संतोष राय, भाजपा के जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, पूर्व अध्यक्ष महेश वर्मा सहित अन्य मौजूद थे। मुख्य आयोजन व उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने बाबा की बारात के आयोजन को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले 17 वर्षों से यह आयोजन किया जा रहा है। दया सिंह ने कहा कि लोगों ने अपार प्यार-आशीर्वाद दिया है। मध्यभारत की सबसे बड़ी झांकी, सबसे बड़ी बारात निकालने की शक्ति बाबा से ही मिलती है। इस आयोजन में मुख्य रूप से राकेश प्रसाद, प्रमोद सिंह, विजेंद्र मिस्त्र, प्रशांत कुमार, गौरव गोरघाटे, रंजीत सिंह ढिलन, प्रदीप सोनी, रोकी साहू, बेनू साहू, आशीष चंद्राकर, प्रदीप वर्मा संतोष चौहान, ओम प्रकाश सिंह, श्रीधर राव मौजूद थे।











## बाबा की बारात में आकर्षक झांकियों ने बटोरी प्रशंसा

बारात में हर जिले से झांकी और कलाकारों की प्रस्तुति देखने को मिली। देवी जस गीत और बाबा की भक्ति में लोग झूमते नजर आए। आंध्रप्देश की श्रीकाकुलम नवदुर्गा अधोरत लोकनृत्य के कलाकारों ने भी प्रस्तुति दी। महादेव आर्ट ग्रुप हरियाणा ने अघोरी श्मशान महाकाल विशेष प्रस्तुति दी। केरल से आए हनुमान भगवान के विशाल रूप के लोगों ने दर्शन किए। हंस-पक्षी नृत्य, शिव भगवान बूढ़ा नृत्य को लोगों ने खूब पसंद किया। जबलपुर से आई 11 विशाल झांकियों में भोले बाबा के दूल्हे स्वरूप को दर्शाया। समुन्द्र मंथन करते हुए देव दानव नजर आए। बस्तर के कोया नृत्य में 40 कलाकार एक साथ नाचते दिखे। राजनांदगांव व चिखली द्वारा भोलेनाथ द्वारा विषपान करते हुए नीलकंठ स्वरूप मनमोहक झांकी देखने को मिली। छत्तीसगढ़ के जिलों से आई 21 झांकियां, जिसमें 4000 से ज्यादा लोग राम रावण, विभीषण, भूत, पिसाच, राक्षस गण, ठारा बाबा की बारात में नाचते गाते नजर आए। उत्तर प्रदेश की अखाड़ा टीम, पंजाब से भांगड़ा टीम भी मनमोहक प्रस्तुति दी।

## भुईयां फोड़ शिव मंदिर को फूलों से सजाया, जयकारे के बीच जलाभिषेक

**भिलाई।** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर शिवधाम कोड़िया के मंदिर में आज होगी भव्य पूजा सुंदर फुलो से सजावट अभिषेक हुआ। पूजा अर्चना की जय जय कार शिवाय नमोस्तुभ्यम मंत्र उच्चारण कर शिव का नाम पूजा अर्चना की गई। इस पुराने शिवमंदिर की खासी मान्यता है। ग्राम कोड़िया में एक अनोखा शिव मंदिर है। इस मंदिर में स्वयंभू भगवान शिव का दिव्य शिवलिंग है जो भुई फोड़ शिव के नाम से जाना जाता है।

साहित्यकार डॉ. नीलकंठ देवांगन ने बताया कि करीब दाई तीन सौ साल पहले मालगुजारी शासन काल के दौरान गांव में पीने के पानी की समस्या को लेकर गांव का एक कुनबा, दाऊ रूपसिंह वर्मा के पास गया। दाऊ ने स्थान चयन कर कुआं खोदने को कहा। ग्रामीणों ने पुरूषा के गड्ढे में कुआं खोदना शुरू किया। कुछ गहराई पर भूरे लाल रंग बाला नारियल के आकार का पत्थर दखिाई दिया। निकालने के सारे प्रयास विफल रहे। इस स्थान को छोड़कर बाजू में कुआं खोदा घया जो मोहल्लेवासियों के लिये एक मात्र कुआं था। बाद में शिवलिंग का आकार बढ़ता गया। इस अवसर पर डॉ. नीलकंठ देवांगन की दसवीं कृति शिवधाम कोड़यिा के भूईं फोड़ फोल्डर का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में प्रशांत कुमार, उषा क्षीरसागर भी शामिल हुए।





## सांसद विजय बघेल ने विधि-विधान से पूजन कर शिव से सुख-समृद्धि का मांगा आशीर्वाद



**भिलाई।** महाशिवरात्रि महोत्सव महापर्व पर सांसद विजय बघेल भगवान शिवपूजन, अभिषेक, महाआरती, महाप्रसादी में शामिल हुए। वे भ्रादेश्वर महाकाल शिव मंदिर सेक्टर 5 पहुंचे। जहां विधि-विधान से पूजा अर्चना की। बघेल ने कहा कि भगवान शिव बहुत ही भोले हैं। हमारा सनातन धर्म हम सबको सिखाता है कि आने वाली पीढ़ी को प्रेरित करें। इस मंदिर में सभी देवता विराजमान हैं। राम-जानकी, कृष्ण, हनुमान। ये आपकी श्रद्धा के अनुरूप भव्यता बनाए रखें हैं।

## पूर्व मंत्री ताम्रध्वज ने तालपुरी में की पूजा ग्रामीण अंचलों के कार्यक्रमों में हुए शामिल



**दुर्ग।** प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने शिव आराधना के पावन पुनीत पर्व महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर दुर्ग ग्रामीण के विभिन्न शिव मंदिरो में पूजा अर्चना की। इस अवसर पर रिसाली नगर निगम के तालपुरी, बैकुंठ धाम नेवई, ग्रामीण अंचल में ग्राम कोकड़ी, भरदा में महादेव मंदिर पर पहुंचकर जल अभिषेक कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिव और शक्ति के मिलन का यह पवित्र पावन पर्व आध्यात्म, आत्मचिंतन और आस्था का महापर्व है। देवाधिदेव महादेव से प्रदेश एवं क्षेत्र के कल्याण एवं सुख समृद्धि की कामना की।

## बैकुंठधाम में सुबह से भक्तों का तांता

**भिलाई।** बैकुंठधाम स्थित शिव मंदिर में सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा। पूजा-अर्चना के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। भजन-कीर्तन के साथ भंडारा का भी आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में भक्त भगवान भोलेनाथ के दर्शन को पहुंचे। इस दौरान रूद्राभिषेक, जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक का भी आयोजन किया गया।



## एसएनजी स्कूल सेक्टर-4 में भगवान शिव की विशेष पूजा



**भिलाई।** एसएनजी स्कूल सेक्टर-4 में महाशिवरात्रि पर भगवान शिव की विशेष पूजा और रूद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पालक, बच्चे और सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे। विधि-विधान से सारे सारे संस्कार संपन्न कराए गए। आचार्यों ने हवन-पूजन के साथ अन्य अनुष्ठान संपन्न कराए। कार्यक्रम के बाद भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने बाबा का प्रसाद ग्रहण किया।

## सेक्टर-7 तालाब में भगवान शिव का रूद्राभिषेक

**भिलाई।** सेक्टर-7 स्थित तालाब के पास स्थापित शिव मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर रूद्राभिषेक के साथ हवन-पूजन का कार्यक्रम संपन्न कराया गया।



कार्नर न्यूज

रैली नेहरूनगर स्थित बांके बिहारी चैरिटेबल ट्रस्ट के राधा-कृष्ण मंदिर से हुई शुरू, किया नगर भ्रमण

## ब्रह्मकुमारी ने शिव संदेश रैली में विश्व शांति का संदेश देते हुए कहा-द्वार खड़े हैं शिव भगवान, पांच विकारों का करें दान

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा नेहरू नगर में आयोजित आध्यात्मिक शिव संदेश रैली में श्वेत वस्त्रधारी भाई-बहनों ने अपनी एकता और शिव के संदेश के साथ आध्यात्मिकता का परचम लहराया। रैली के दौरान निराकार शिव के संदेश को फैलाते हुए सभी जनमानस शिवमई हो गए और शांति एवं प्रेम का संदेश दिया गया। रैली की शुरुआत नेहरू नगर पूर्व स्थित बांके बिहारी चैरिटेबल ट्रस्ट राधा कृष्ण मंदिर से हुई। रैली में भाग लेने वाले सभी श्रद्धालु रथ के साथ शिव के अद्वितीय संदेश का प्रचार करते हुए विभिन्न मार्गों से होते हुए गुरुद्वारे के सामने पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। रैली मोहनलाल बाकलिवाल अंडर ब्रिज से होते हुए अग्रसेन चौक तक पहुंची, जहां सभी ने शिव के आशीर्वाद से खुद को अभिभूत महसूस किया। इस रैली का उद्देश्य न केवल शिव जयंती के पावन अवसर को मनाना था, बल्कि समाज में शिव के सत्य, शांति और प्रेम का संदेश फैलाना भी था।





रैली में शामिल सभी ने एक स्वर में कहा कि निराकार शिव है हम सबके पिता और उनके द्वारा दी गई शिक्षाएं हमें एकता और शांति की दिशा में मार्गदर्शन करती हैं। रैली के अंतिम पड़ाव पर उपस्थित सभी भाई-बहनों ने शिव ध्वज के नीचे एकजुट होकर दुनिया भर में शांति और समृद्धि की कामना की। इस आयोजन से सभी ने यह संदेश दिया कि आध्यात्मिकता और एकता के माध्यम से ही समाज में वास्तविक शांति लाई जा सकती है। विशेष सभी ने प्रातः काल से ही विभिन्न शिवमंदिरों में संगठित रूप से राजयोग का अभ्यास किया।

## 4 वर्षीय नवीश के नीकंठेश्वर महादेव मंदिर में किया शिव तांडव व पढ़ा हनुमान चालीसा

**भिलाई।** महाशिवरात्रि के अवसर पर श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर, बाल उद्यान शिक्षक नगर कोहका में रुद्राभिषेक, हवन पूजन किया गया। इसके बाद शिव जी की महाआरती की गई। कार्यक्रम में विशेष आकर्षण का केंद्र 4 वर्षीय नवीश साहू रहा जिसने शिव तांडव की मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति देकर सभी भक्तजनों को भाव विभोर कर दिया। इसके साथ ही नवीश ने बिना देखे हनुमान चालीसा पाठ का मंचन भी किया। छत्तीसगढ़ अंचल के प्रसिद्ध गायक कौशल कुमार साहू एवं ओमना कृष्ण कुमार एवं उमा साहू सहित साथियों के साथ भजन की प्रस्तुति दी गई।



## सिटी इवेंट

# छग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज दुर्ग जिले के 4821 मतदाता करेंगे मतदान



**भिलाई।** भिलाई-दुर्ग छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने आगामी चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संचालित करने के लिए पांच प्रतिष्ठित व्यक्तियों को चुनाव निर्वाचन अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है। दुर्ग जिले के 4821 मतदाताओ के लिए चुनाव अधिकारी गिरीश बंसल, बंशी अग्रवाल, देविंदर सिंह भाटिया, शिवराज शुक्ला और दिलीप अग्रवाल को नियुक्त किया गया है। इस पांचो को चुनाव प्रक्रिया की देखरेख और संचालन का जिम्मा सौंपा गया है। गिरीश बंसल और बंशी अग्रवाल व्यापार जगत में अपने उत्कृष्ट योगदान के लिए और शिक्षाविद देविंदर सिंह भाटिया ने शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए जाने जाते है। शिवराज शुक्ला और दिलीप अग्रवाल सामाजिक और औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिष्ठित नाम हैं। नियुक्त अधिकारियों का व्यापक अनुभव और ईमानदारी चुनाव प्रक्रिया को विश्वसनीय और प्रभावी बनाएगी। चुनाव अधिकारियों ने बताया कि भिलाई-दुर्ग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव दो अलग-अलग तिथियों पर आयोजित किए जाएंगे। मतदान केंद्र अग्रेसन भवन, सेक्टर 6, भिलाई में स्थापित किया गया है। चुनाव प्रक्रिया के तहत दुर्ग, बेमेतरा और कबीरधम क्षेत्र के मतदाता 20 अप्रैल को मतदान करेंगे, जबकि भिलाई क्षेत्र के मतदाता 21 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव में भिलाई क्षेत्र से कुल 3,137 मतदाता और दुर्ग क्षेत्र से 1,684 मतदाता भाग लेंगे। 23 जुलाई तक सदस्यता प्राप्त सदस्यों को ही चैम्बर चुनाव 2025 में मतदान की पात्रता होगी। चुनाव अधिकारियों ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि बड़ी संख्या में भाग लेकर चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाएं। समस्त सदस्यों को चुनाव की सूचना का पत्र डाक द्वारा भेजा जा रहा है एवं चैंबर की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

■ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का 21 व 22 अप्रैल को होगा चुनाव

● सप्ताह के एक दिन लगने वाली क्लास में दूर-दूर से जुड़ रहे हैं छात्र और भारतीय संस्कृत के प्रेमी

# सनातन को समझने, संस्कृत सीखने का चलाया अभियान विद्यार्थियों को तनाव दूर करने दिए सूत्र, आज लगेगी कक्षा

**भिलाई।** संस्कृत भारती, संस्कृत मित्र मंडल, सनातन महासंघ के संयुक्त प्रयास से सनातन धर्म को समझने के लिए संस्कृत सीखने का अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें सप्ताह के एक दिन संस्कृत संभाषण, गीता पाठ और व्यक्तित्व विकास के लिए इन कक्षाओं में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह कक्षा हर सप्ताह गुरुवार शाम 6.15 से 7.15 बजे गणपति विहार दुर्ग में आयोजित की जा रही है। कक्षा का नेतृत्व आचार्य डॉ. अजय आर्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया इन कक्षाओं के द्वारा हम सभी अपनी संस्कृति, अपने धर्म और अपनी परंपरा के साथ जुड़े रहे यही इस अभियान का उद्देश्य है। भारत की दो ही मुख्य पहचान है एक भारत की संस्कृति और दूसरी संस्कृत भाषा। संस्कृत पढ़ने का अर्थ सिर्फ भाषा पढ़ लेना यह जान लेना नहीं है। संस्कृत का अध्ययन करते हुए व्यक्ति सनातन वैदिक परंपरा और मूल्यों को आत्मसात करता है। इस कक्षा में रायपुर, कांकेर सहित अन्य स्थान से भी जिज्ञासु जुड़ रहे हैं।



### बच्चे करने लगे है गीता के श्लोकों का उच्चारण

पिछले दिनों हुई कक्षा में सेवानिवृत शिक्षक पतिराम साहू, कृष्ण दास वैष्णव, डॉ राम देवांगन, योग शिक्षक प्रकाश माली विशेष रूप से उपस्थित रहे। 10 वर्षीय बालक अक्षत व आर्यांश ने गीता के श्लोकों का उच्चारण किया। बायोटेक्नोलॉजी की विद्यार्थी हर्षिता गंजीर ने बताया कि संस्कृत सीखकर वह शरीर विज्ञान के क्षेत्र में शोध करेगी। पतिराम साहू ने बताया कि संस्कृत पढ़ने के लिए किसी भी उम्र का व्यक्ति इस कक्षा में जुड़ सकता है। योग शिक्षक प्रकाश माली ने कहा कि मेरा संस्कृत से विशेष प्रेम है। योग की अवधारणा और मूल्यों को यथावत रूप में संस्कृत के माध्यम से ही सीखा जा सकता है।

### संस्कृत पढ़ने से बढ़ती है स्मरण शक्ति

इस दौरान संस्कृत की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए डॉ अजय आर्य ने बताया कि संस्कृत दुनिया की सबसे पुरानी भाषा है। संस्कृत में वैदिक धर्म से जुड़े लगभग सभी धर्मग्रंथ लिखे गए हैं। यह देवभाषा मानी जाती है और यह दिव्यता का संचार करती है। इस भाषा में शब्दों को किसी भी क्रम में रखा जा सकता है। शब्दों का क्रम बदलने पर भी संस्कृत में अर्थ बदलने की संभावना बहुत कम होती है। संस्कृत में व्याकरण और वर्णमाला वैज्ञानिक है। इसमें द्विवचन अतिरिक्त होता है। संस्कृत को कम्प्यूटर और कृत्रिम बुद्धि के लिए सबसे उपयुक्त भाषा माना जाता है। संस्कृत पढ़ने से स्मरण शक्ति बढ़ती है।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कक्षा में आयुर्वेदिक चाय का वितरण किया गया। यह चाय आयुर्वेदिक औषधियों से बनाई गई है इसका निर्माण गुरुकुल आश्रम आमसेना उड़ीसा में किया गया है।

### तनाव प्रबंधन के लिए दिए सूत्र

आचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि तनाव जीवन की अव्यवस्था का परिणाम है। एक विद्यार्थी जब जीवन को व्यवस्थित करके लगातार प्रतिदिन कुछ सीखना है तो उसका व्यक्तित्व आत्मविश्वास से भर जाता है। जो लोग किसी भी काम के लिए अंतिम समय या तिथि की प्रतीक्षा करते हैं उनके जीवन में तनाव स्वाभाविक रूप से आता है। परीक्षा के दिनों में विद्यार्थियों को पर्याप्त पानी पीना चाहिए। कुछ मिनट के लिए रिलैक्स ध्यान का अभ्यास करें। माता-पिता के साथ ही अपने दोस्तों से बातें करे। अपने लक्ष्य को दोहराना चाहिए। प्रातकाल स्वयं को आत्मविश्वास से भरने के लिए मैं श्रेष्ठ हूं। मैं अपना लक्ष्य अवश्य प्राप्त करूंगा। ऐसे वाक्यों का सकारात्मक वाक्य का उच्चारण करना लाभदायक रहता है। खुद का कभी अपमान नहीं करना चाहिए। जब हम स्वयं को निम्न या तुच्छ समझते हैं तो किसी न किसी रूप में हम ईश्वर को भी कमतर कहकर करके आंक रहे होते हैं।

## सिटी लाइव

# ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा का वितरण



**भिलाई।** श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर ग्राम मोहलई में आयोजित किया गया।स्वास्थ्य जागरूकता एवं डिजिटल साक्षरता को विशेष रूप से प्राथमिकता देते हुए विश्वविद्यालय के लगभग 40 विद्यार्थी भाग ले रहें हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ दीपक सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में विद्यार्थी सुबह प्रभात फेरी के माध्यम से विभिन्न जागरूकता संदेश प्रचारित करते है। विधार्थियों एवं ग्रामीणों के लिए नित्य योग प्रशिक्षण एवं शासन की विभिन्न जानकारियों के लिए संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहें है। विधार्थियों के अलग अलग समूहों द्वारा सर्वे कार्य भी किया जा रहा है जिसमें विभिन्न बिंदुओं स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, योजनाओं के संबंध में जानकारी एकत्र की जा रही है। शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निः शुल्क दवा भी वितरित की। चिकित्सकीय परामर्श से बहुत से ग्रामीणों ने लाभ उठाया। प्राथमिक शाला के बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिताएं तथा ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई और पुरस्कार दिए गए। ग्राम के विभिन्न स्थलों में साफ सफाई की गई। इस दौरान बोरिंग, तालाब के आसपास स्वच्छता का संदेश सफाई के माध्यम से दिया। विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ स्मिता सेलट, डायरेक्टर विकास डॉ सुशील चंद्र तिवारी, पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ धनेश कुमार जोशी ने भी शिविर में विधार्थियों को मार्गदर्शन दिया।

■ राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में चिकित्सकीय परामर्श का ग्रामीणों ने उठाया लाभ

## सांस्कृतिक कार्यक्रम

# कुंभ की कहानी नृत्य की जुबानी, प्रयागराज कुंभ में नृत्य नाटिका की दी मनमोहक प्रस्तुति







**भिलाई।** नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय दुर्ग के भरतनाट्यम विभाग की अतिथि प्राध्यापक डॉ संगीता चौबे ने अपने समूह के साथ प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ की सांस्कृतिक संध्या में अपनी नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। महाकुंभ के बिरसा मुंडा मंच पर इन्होंने कुंभ की कहानी नृत्य की जुबानी शीर्षक से नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी। इस नृत्य नाटिका में कुंभ का आयोजन कैसे प्रारंभ हुआ और उसका क्या आध्यात्मिक महत्त्व है इस पूरी कहानी को नृत्य के माध्यम से बताया गया। इसके लिये डा. संगीता चौबे ने भरतनाट्यम के साथ कथक नृत्य विधा का भी समिश्रण किया। प्रयागराज कुंभ में देश-विदेश से आए दर्शकों ने इस नृत्य नाटिका में खूब सराहा और तालियों से अपनी खुशी जाहिर की। इस नृत्य नाटिका की संरचना, संगीत एवं विषय वस्तु डॉ संगीता चौबे ने निर्देशित किया। इस अद्भुत व शानदार प्रस्तुति के लिये उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक विभाग द्वारा, अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं सम्मान-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस इस नृत्य नाटिका के प्रदर्शन में डॉ संगीता चौबे का साथ हाली ऊके, वाणी वर्मा एवं श्वेता श्रीवास ने दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ऋचा ठाकुर एवं समस्त महा विद्यालय परिवार ने इस प्रदर्शन लिये बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस आयोजन के दौरान प्रतिभागी विद्यार्थी भी खुश दिखाई दिये।

## मुलाकात कर की चर्चा

# सलधा पहुंचे विधायक देवेंद्र शंकराचार्य से लिया आशीर्वाद



**भिलाई।** महा शिवरात्रि के पावन अवसर पर भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से मुलाकात की। विधायक अपने पूरे परिवार के साथ ग्राम सलधा बेमेतरा शंकराचार्य के आश्रम पहुंचे थे। देवेंद्र यादव के साथ उनकी माँ, पत्नी, बड़े भैया-भाभी भी मौजूद थे। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य पूजा आरती का आयोजन किया गया। जिसमे शामिल हुए और बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना किये. रुद्राभिषेक कर बाबा भोले नाथ की आराधना की। इस अवसर पर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से विधायक परिवार ने विशेष आशीर्वाद प्राप्त किया। सामाजिक, धार्मिक और राष्ट्रीय एकता के विषयों पर चर्चा की। इस दौरान शंकराचार्य ने विधायकों को समाज की भलाई और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। शंकराचार्य ने इस अवसर पर कहा कि राजनीतिक नेतृत्व और आध्यात्मिक मार्गदर्शन का समन्वय समाज के लिए अत्यंत लाभकारी हो सकता है। उन्होंने विधायकों से आह्वान किया कि वे अपने क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए कार्य करें।

विधायकों ने इस मुलाकात को अपने लिए प्रेरणादायक बताया और कहा कि शंकराचार्य जी के आशीर्वाद और मार्गदर्शन से वे समाज के लिए और अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी मुलाकातें समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। यह मुलाकात सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

**जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती से यादव सपरिवार मिले**

## सिटी इवेंट

# खैरागढ़-छुईखदान का प्राकृतिक सौंदर्य देख मंत्रमुग्ध हुए भिलाई के सैलानी



**भिलाई।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया भिलाई इकाई की ओर से खैरागढ़ छुईखदान क्षेत्र में एक दिवसीय नेचर स्टडी प्रोग्राम का आयोजन किया गया। आयोजन में कुल तीस सदस्यों ने पिपरिया बांध छिन्दारी कला, बुजबुजी महादेव मन्दिर टोपा मड़वा भांठा और बेताल रानी घाटी का सौन्दर्य अवलोकन किया। भिलाई इकाई के प्रेसिडेंट ऋषि कांत तिवारी एवं चेयरमैन के. सुब्रमण्यम ने बताया कि पिपरिया बांध छिन्दारी कला इन दिनों पेंटेड स्टॉर्क, नॉदर्न शावलर, यूरेशियन कर्ल्यू, कॉमन पोचार्ड, जलकुकरी, बतख,लालसर और धन चिरई जैसे सैकड़ों प्रजातियों की हजारों प्रवासी पक्षियों से गुलजार है। भिलाई इकाई उपाध्यक्ष सुधीर अवधिया एवं सचिव सुबोध देवाँगन ने बताया कि प्राकृतिक सौन्दर्य का आनन्द उठाने अगला पड़ाव बुजबुजी महादेव मन्दिर टोपा मड़वा भांठा रहा। यहाँ एक कुंड है जिसमें से पानी के बुलबुले भूगर्भ से बाहर निकल रहे हैं। भूगोल की भाषा में यह एक पाताल तोड़ कुँआ है जिसमें से लगातार जल के बुलबुले फूट रहे हैं। आकर्षक पड़ाव बेताल रानी घाटी रहा। इसमें हेयर पिन पैटर्न पर कुल सत्रह मोड़ देखने को मिले। इस अवसर पर राजेश मिश्रा, प्रतिभा मिश्रा, डॉ. कमल साहू, ममता साहू, निखिल त्रिपाठी, काशवी त्रिपाठी, शैलेन्द्र शर्मा, ऋषभ शर्मा, हरदेव सिंह गिल, मंजीत कौर गिल, बलबीर कौर, डॉ. जयप्रकाश साव, भारती साव, संजय साहू, सुलेखा साहू, राजेश मराठे, शिल्पा मराठे, कल्पना अवधिया, श्वेता तिवारी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## अग्रणी टेक्नोलॉजी सेवा एवं कंसल्टिंग कंपनी विप्रो लिमिटेड ने किया आयोजन

**कार्नर न्यूज**

# छत्तीसगढ़ के तीन स्कूलों को विप्रो अर्थियन अवार्ड, शासकीय स्कूल उरला ने आदिवासियों की जीवनशैली पर की अनोखी खोज

**भिलाई।** अग्रणी टेक्नोलॉजी सेवा एवं कंसल्टिंग कंपनी विप्रो लिमिटेड ने अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी बेंगलुरू में साल 2024 के लिए विप्रो अर्थियन अवाड्र्स के 14वें संस्करण का आयोजन किया। इन पुरस्कारों के साथ सततता की समन्वित शिक्षा का विकास करने और सतत कार्रवाई एवं चिंतन को बढ़ावा देने वाले भारतीय स्कूलों व कॉलेजों को सम्मानित करने के लिए शुरू किए गए वार्षिक कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उरला, छत्तीसगढ़ टीम ने जैवविविधता के साथ आदिवासी लोगों के सकारात्मक संबंधों और उनकी जीवनशैली पर इसके प्रभाव की खोज की। उन्होंने अर्थियन रिसोर्स बुकलेट में दी गई गतिविधियों द्वारा जैव विविधता पर शहरी विकास के शोषणकारी प्रभावों के बारे में जाना।



### सॉलिड कचरे की पहचान को भी मिला सम्मान

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कुगदा, पाटन, दुर्ग टीम ने स्कूलों में ठोस कचरे के स्रोतों की पहचान की और कचरे की मात्रा की गणना की। उन्होंने स्थानीय कचरा प्रबंधन और सीवेज निपटान विधियों की समीक्षा भी की, ताकि सुधार की संभावनाओं को टटोला जा सके। शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, वैशाली नगर, भिलाई, दुर्ग टीम ने परिसर में जीवजंतुओं और पेड़ पौधों का सर्वेक्षण किया तथा जैव विविधता एवं आहार के बीच संबंध की खोज की। उन्हें स्थानीय सूक्ष्म जीवों की जाँच करने और जीवों के बीच पारस्परिक संबंधों को समझने का अवसर मिला।

### प्रमाणपत्र के साथ मिला नकद पुरस्कार

अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के चीफ एग्जिक्यूटिव ऑफिसर, अनुराग बेहार और नारायण पी. एस., ग्लोबल हेड, सस्टेनेबिलिटी एवं सोशल इनीशिएटिव्स, विप्रो लिमिटेड तथा मैनेजिंग ट्रस्टी, विप्रो फाउंडेशन ने विजेता टीमों को प्रमाणपत्र और नकद पुरस्कार वितरित करके सम्मानित किया। नारायण पीएस, ग्लोबल हेड ऑफ सस्टेनेबिलिटी एंड सोशल इनीशिएटिव्स, विप्रो लिमिटेड एवं मैनेजिंग ट्रस्टी, विप्रो फाउंडेशन के अनुसार वार्षिक विप्रो अर्थियन अवाड्र्स के साथ विप्रो ने लंबे समय से चल रहे अपने कार्यक्रम के 14वें संस्करण का समापन कर दिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मानव और प्रकृति के अद्वितीय संबंध के बारे में युवाओं की रुचि व सीखने की प्रवृत्ति का विकास करना है।

### देशभर से 1500 से ज्यादा प्रोजेक्ट आए, 23 रहे विजेता

विप्रो अर्थियन कार्यक्रम स्कूलों और कॉलेजों के लिए भारत के सबसे बड़े सततता शिक्षा कार्यक्रमों में से एक है। इस कार्यक्रम के 2024 संस्करण के लिए 1500 से ज्यादा परियोजनाओं के आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से एक स्वतंत्र ज्यूरी ने 43 सूचीबद्ध और 23 विजेता प्रविष्टियों का चयन किया। विजेता स्कूलों की टीमों ने गतिविधि पर आधारित शिक्षण कार्यक्रमों और लिखित निबंधों के माध्यम से जैव विविधता, कचरे एवं जल की गहरी समझ प्रदर्शित की। विप्रो अर्थियन द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम में 2011 से 50,000 से अधिक स्कूल, 4,000 कॉलेज, 200,000 विद्यार्थी और 40,000 शिक्षक हिस्सा ले चुके हैं। इस साल स्कूलों से 1500 से अधिक आवेदन और कॉलेजों से 700 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### डीआरएम कप क्रिकेट का शानदार आगाज, 20 टीम के बीच होगा मुकाबला




**रायपुर।** 22 वीं अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 का रंगारंग शुभारंभ 25 फरवरी को शाम 06:30 बजे सेक्रेसा मैदान, डब्ल्यू आर एस कॉलोनी में मंडल रेल प्रबंधक दयानंद के कर कमलों हुआ। उदघाटन समारोह में मुख्य कार्यशाला प्रबंधक एम के भंडारी, अपर मंडल रेल प्रबंधक बजरंग अग्रवाल के अलावा मंडल के अधिकारी भी उपस्थित थे। वरिष्ठ खेल अधिकारी व वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग ने सभी अतिथियों को पौधे देकर सम्मानित किया। इस वर्ष प्रथम बार प्रतियोगिता के लिए शुभंकर ़गौरैय्या चिड़यि को रखा गया। वरिष्ठ मंडल खेल अधिकारी एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग प्रतियोगिता पर प्रकाश डालते हुए इस वर्ष होने वाले टूर्नामेंट की रूपरेखा और अन्य नियमों से सभी का परिचय कराया। उन्होंने बताया कि 13 मार्च तक चलने वाले इस खेल महासंग्राम में कुल 20 टीमें भाग लेंगी। लीग व नॉक ऑउट पदत्ति से खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में नॉक ऑउट दौर के मैचेस दूधिया रोशनी में खेलें जायेंगे। मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने अपने संबोधन भाषण में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन। उन्होंने इस वर्ष प्रदान की जाने वाली ट्राफियों का अनावरण किया और गुब्बारे छोड़ कर प्रतियोगिता का आगाज किया। इस दौरान मैदान पर आतिशबाजी का जबरदस्त प्रदर्शन किया गया। खेल सचिव श्री दीपक प्रधान ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

### बबली व मान्या राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए चयनित



**रायपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राजधानी में आयोजित राज्य स्तरीय मिनी अंडर-15 तीरंदाजी प्रतियोगिता में खेल अकादमी रायपुर के 2 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इनमे बबली रानी ने चतुर्थ स्थान व मान्या वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर आंध्रप्रदेश में होने जा रहे राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में चयनित हुई है। दोनों चयनित खिलाड़ियों को अकादमी की कोच दुर्गेश नंदिनी एवं संघ से जुड़े सभी पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

### सॉफ्टबॉल नेशनल में छत्तीसगढ़ ने जीता स्वर्ण पदक



**रायपुर।** सॉफ्टबॉल की 46 वीं सीनियर नेशनल चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ पुरुष टीम ने मध्य प्रदेश को 8–0 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। छत्तीसगढ़ को इस टूर्नामेंट में सबसे कठिन पूल मिला था। छत्तीसगढ़ के पूल में पिछले वर्ष के विजेता पंजाब,आंध्र प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, जैसी मजबूत टीम शामिल थी।

छत्तीसगढ़ ने अपना पहला मैच हिमाचल को 10–0 से हराकर के विजय की शुरुआत की। दूसरे मैच में झारखंड को फिर से छत्तीसगढ़ ने 11–0 से हराया, तीसरे मैच में हरियाणा को 6–0 से हराकर सुपर लीग में प्रवेश किया। सुपर लीग में राजस्थान को 6–0 से हराया, फिर आंध्र प्रदेश को 6–1 से हराया.

पिछले वर्ष की विजेता पंजाब को 3–0 से हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में छत्तीसगढ़ ने मध्य प्रदेश को एकतरफा 12–1 से हराकर ग्रैंड फाइनल में प्रवेश किया। मध्यप्रदेश की टीम अपने पूल की टॉपर थी इसलिए मध्यप्रदेश को एक मौका और मिला, मध्यप्रदेश ने महाराष्ट्र को हराकर ग्रैंड फाइनल में अपनी जगह बनाई।

ग्रैंड फाइनल छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के बीच खेला गया। जिसमें छत्तीसगढ़ ने बहुत ही बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मध्यप्रदेश को 5–0 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया।

टूर्नामेंट के विभिन्न मैच के दौरान दीपक कुमार, मानस केसरवानी, सौरभ यादव, आर्यन ताम्रकार को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। इसमें दीपक कुमार,आर्यन ताम्रकार एवं सौरव यादव ने शानदार होम रन मारकर पूरे प्रतियोगिता में बैटिंग का शानदार प्रदर्शन भी किया।

पुरुष टीम में दुर्ग से वी मोहन राव, दीपक कंवर, मानस केसरवानी, मयंक राजपूत,पी आशीष, सुनील राज, सुशांत यादव, रायपुर से किशन महानंद, बीरू बाघ, गौरव डहरिया, मोहित ठाकुर, सारंगढ़ से सौरभ यादव, कबीरधाम से भूपेंद्र गढ़े, राजनांदगांव से नीलेंद्र पटेल, बेमेतरा से प्रिंस सिंह, मुंगेली से आर्यन ताम्रकार, प्रशिक्षक अमित कुमार वरु, सियाराम पटेल और मैनेजर चंद्रपुरी शेखर गोस्वामी शामिल हैं।

## सुबह का स्वागत करें सेहतमंद ढंग से, रहेंगे हमेशा स्वस्थ्य

# दिन की शुरुआत के साथ ही छोड़नी होगी कुछ आदतें, आज से ही कर लें इनमें सुधार

स्वस्थ दिनचर्या आपको कई प्रकार की बीमारियों से बचाने में मददगार हो सकती है। विशेषकर सुबह की आदतों को लेकर सभी लोगों को और भी अलर्ट रहने की सलाह दी जाती है। इसका सीधा असर आपकी सेहत और उत्पादकता पर देखा जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सुबह की आदतें अगर अच्छी होंगी तो आपका पूरा दिन बेहतर और ऊर्जा से पूर्ण हो सकता है। मन की सकारात्मकता और शरीर को स्वस्थ-फिट बनाए रखने में सुबह की कुछ आदतों का विशेष योगदान हो सकता है। पोषण विशेषज्ञ बताते हैं, जीवन में स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना जरूरी है और इसके लिए जरूरी है कि आप सुबह की आदतों को ठीक रखें। सुबह जल्दी उठने से लेकर आहार में कुछ बदलाव आपके लिए कई प्रकार से लाभकारी हो सकते हैं। सभी लोगों को स्वस्थ दिनचर्या का पालन करते रहना जरूरी है। कुछ आदतों को अभी से छोड़ने का निश्चय कर लें।



### अलार्म को बार-बार न करें स्किप

सुबह बेड से जल्दी उठ पाना हम में से ज्यादातर लोगों के लिए किसी कठिन टास्क से कम नहीं होता है। क्या आप भी अक्सर सुबह का अलार्म बार-बार स्किप करके स्नूज़ बटन दबाते हैं ताकि थोड़ी देर और नींद पूरी की जा सके? अगर हां तो इस आदत में तुरंत सुधार कर लें। अलार्म को स्नूज करने से सुबह जल्दी उठने की आदत प्रभावित हो सकती है। अध्ययनों से पता चलता है कि सुबह जल्दी उठना आपके शारीरिक और मानसकि दोनों प्रकार की सेहत के लिए बेहतर है।

### चाय-कॉफी से न करें दिन की शुरुआत



चाय-कॉफी में कैफीन पाई जाती है, ये आपको कुछ ही समय में ऊर्जा तो प्रदान कर देती है पर सुबह खाली पेट या बहुत अधिक मात्रा में कैफीन का सेवन करते हैं तो इसके कई प्रकार के साइड इफेक्ट्स की भी खतरा हो सकता है। यदि बहुत अधिक मात्रा में कैफीन का सेवन करते हैं तो इससे नींद की समस्या, चिंता और मूड में बदलाव से संबंधित दिक्कतों का जोखिम हो सकता है। इसके अलावा हाई कैफीन का सेवन हृदय स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।

### सुबह का नाश्ता न करें स्किप

कई लोगों का मानना है कि नाश्ता न करने से वजन घटाने में मदद मिलती है। लेकिन वास्तव में ये आदत आपके लिए फायदे की जगह बहुत नुकसानदायक हो सकती है। नाश्ता न करने से मोटापा बढ़ने, मधुमेह और हृदय रोग की समस्याओं का जोखिम भी हो सकता है। शोध से पता चलता है कि रात में 6-8 घंटे खाली पेट रहने के बाद सुबह का नाश्ता न करना आपमें कमजोरी का कारण बन सकती है। पौष्टिक नाश्ता करना शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सबसे महत्वपूर्ण आदतों में से एक है।



### व्यायाम के लिए समय न निकालना

गतिहीन जीवनशैली को शोधकर्ताओं ने कई प्रकार की बीमारियों को बढ़ाने वाला पाया है। अगर आप सुबह व्यायाम करते हैं तो इससे शरीर सक्रिय होता है और मस्तिष्क में हैपी हार्मोन बढ़ता है। वहीं अगर व्यायाम न किया जाए तो इसके कारण वजन बढ़ने और मोटापा होने के साथ दिल का दौरा, स्ट्रोक और सांस लेने में समस्या ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है।

## कांकेर की दंतेवाड़ा के विरुद्ध 351 रन से जीत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनीयर प्लेट ग्रुप इंटर डिसट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 09 फरवरी से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 14 टीमें भाग ले रही है। 25 से 7 फरवरी श्रृंखला में तीन मैच खेले गये। ग्रुप बी का पांचवा तीन दिवसीय मैच कांकेर एवं दंतेवाडा के मध्य धमतरी में खेला गया। कांकेर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। दंतेवाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 31.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर केवल 65 रन बनाये। दंतेवाडा की ओर से तौफीक ने 21 रन तथा सक्षम शर्मा ने 16 रन बनाये। वहीं कांकेर की ओर से अभिषेक कोर्राम ने 5 विकेट तथा विवेक कुमार ने 2 विकेट प्राप्त किये।

कांकेर ने अपनी पहली पारी में 75.1 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 416 रन बनाये। कांकेर की ओर से हर्ष यादव ने 150 रन तथा तौकीर खान ने 134 रनों का योगदान दिया। दंतेवाडा की ओर से सक्षम शर्मा ने 4 विकेट तथा विजय कुमार ने 2 विकेट प्राप्त किये। दंतेवाडा अपनी दूसरी पारी में 24.1 ओवरों में 80 रन बनाकर आल आउट हो गयी। दंतेवाडा की ओर से मदिरी इमोन ने 25 रन तथा तौफिक ने 21 रनों का योगदान दिया। वहीं कांकेर की ओर से विवेक कुमार ने 5 विकेट, हर्श यादव तथा सुखु मंढावी ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। कांकेर ने मैच एक पारी तथा 351 रनों से जीत लिया ।

राजनांदगांव के विरुद्ध बस्तर को 301 रनों की जरूरत

ग्रुप बी का छठवां तीन दिवसीय मैच राजनांदगांव एवं बस्तर के मध्य कांकेर में खेला गया। बस्तर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। राजनांदगांव ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 69.3 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 300 रन बनाये। राजनांदगांव की ओर से हर्श साहु ने 128 रन तथा वैदिक मधुकर ने 72 रन बनाये। वहीं बस्तर की ओर से उत्कर्श ठाकुर ने 6 विकेट तथा पलाश मंडल ने 2 विकेट प्राप्त किये। बस्तर ने अपनी पहली पारी में 32.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर केवल 86 रन बनाये। बस्तर की ओर से अनस खान ने 29 रन तथा उत्कर्श ठाकुर ने 20 रनों का योगदान दिया। राजनांदगांव की ओर से रोहन टांक ने 5 विकेट तथा उज्जवल दीवान ने 3 विकेट प्राप्त किये। राजनांदगांव ने




अपनी दूसरी पारी 37 ओवरों में 8 विकेट पर 184 रन बनाकर घोषित कर दी। राजनांदगांव की ओर से हर्ष साहु ने 79 रन तथा निखिल कनोरिया ने 59 रन बनाये। वहीं बस्तर की ओर से उत्कर्ष ठाकुर ने 3 विकेट तथा पलाश मंडल ने 2 विकेट प्राप्त किये। 399 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बस्तर ने अपनी दूसरी पारी में 38.1 ओवरों में 4 विकेट खोकर 98 रन बना लिये हैं। बस्तर की ओर से उत्कर्ष ठाकुर ने 46 रन बनाये। राजनांदगांव की ओर से गौरव मिश्रा तथा हर्ष साहु ने 2-2 विकेट प्राप्त किए। दूसरे दिन की समाप्ति तक बस्तर को जीतने के लिये 301 रनों की जरूरत है।

### कोरबा के विरुद्ध दुर्ग की 10 विकेट से जीत

ग्रुप डी का तीसरा तीन दिवसीय मैच कोरबा एवं दुर्ग के मध्य दल्ली राजहरा में खेला गया। दुर्ग ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। कोरबा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 27.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 103 रन बनाए। कोरबा की ओर से आशीष चौहान ने सर्वाधिक 48 रन बनाये। वहीं दुर्ग की ओर से विजय यादव ने 4 विकेट, अमन साहु, जितेश वर्मा एवं जितेश चैहान ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। दुर्ग टीम ने अपनी पहली पारी में 60.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 203 रन बनाये। दुर्ग की ओर से अर्पित श्रीवास्तव ने 52 रन तथा सिद्धार्थ सिंह ने 24 रन बनाये। वहीं कोरबा की ओर से सुमित अग्रवाल ने 4 विकेट, दुर्गेश साहु तथा आशीष चैहान ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। कोरबा ने अपनी दूसरी पारी में 34.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 154 रन ही बनाए। कोरबा की ओर से आशीष सिंह चैहान ने 37 रन तथा अभिषेक कुमार ने 25 रन बनाये। वहीं दुर्ग की ओर से अमन साहू ने 6 विकेट तथा जितेश कुमार वर्मा ने 3 विकेट प्राप्त किये। 55 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दुर्ग ने 7.5 ओवरों में बिना किसी नुकसान के 55 रन बनाकर आसानी से मैच जीत लिया। दुर्ग की ओर से सिद्धार्थ सिंह ने 39 रन नाबाद बनाये। दुर्ग ने मैच 10 विकेट से जीत लिया।

## जानिए ब्रेन जिम और इसके फायदों के बारे में



सेहतमंद रहने के लिए हमें एक्सरसाइज की जरूरत पड़ती है। इसके लिए घंटो हम जिम में पसीने बहाते हैं। एक्सरसाइज करने से फिजिकल स्ट्रैंथ बढ़ता है और भी कई तरह की बीमारियों से बचाव होता है। लेकिन क्या आपको मालूम है कि हमारे मस्तिष्क को भी जिम की जरूरत होती है? जी हां ब्रेन हेल्थ को बूस्ट करने के लिए ब्रेन जिम एक्सरसाइज की जरूरत होती है।आईए जानते हैं क्या होती है यह ब्रेन जिम एक्सरसाइज।

### क्या होती है ब्रेन जिम?

हड्डियों को मजबूती देने और मांसपेशियों को टोन करने के लिए जिस तरह से हमें एक्सरसाइज की जरूरत होती है। ठीक उसी प्रकार से ब्रेन के न्यूरॉन को एक्सरसाइज की जरूरत होती है। ब्रेन एक्सरसाइज करने से न्यूरॉन को एक्टिवेट किया जाता है। ब्रेन में ब्लड का सर्कुलेशन सही होता है इससे तनाव, एंजायटी, डिप्रेशन और भी कई तरह की मानसिक समस्याओं से बचा जा सकता है। इससे पॉजिटिव एनर्जी का संचार होता है ।



## बच्चे को अकेला छोड़ने से पहले ध्यान रखें कुछ जरूरी बातें

कई बार छोटे बच्चों को अकेला छोड़कर हमें बाहर जाना होता है। ऐसे में इन 5 बातों को आप भी जान लें। छोटे बच्चे काफी नादान होते हैं। अगर आप भी अपने छोटे बच्चों को कभी- कभी घर में अकेला छोड़कर बाहर जाती हैं तो उन्हें कुछ महत्वपूर्ण चीजों के बारे में बताना जरूरी हैं। इससे आपके बच्चे सुरक्षित रहेंगे। इन दिनों छोटे बच्चे के किडनैपिंग के मामले काफी ज्यादा बढ़ गए हैं। ऐसे में जरूरी हैं कि बच्चों को कुछ खास चीजें बता दी जाएं।

### अनजान व्यक्ति से ना करें बात

हमेशा घर में बच्चों के साथ रहा जाएं ऐसा हो नहीं सकता। ऐसे में आपको अपने बच्चों को बताना चाहिए कि कोई भी अनजान व्यक्ति घर पर आता है तो उनसे बात ना करें। इतना ही नहीं, उन्हें घर के अंदर आने की अनुमति भी नहीं देनी चाहिए।

### खाना बाहर से ऑर्डर ना करें



कई बार ऐसा देखा गया है कि डिलीवरी बाय अकेले बच्चे को देखकर घर में आकर चौरी जैसी वारदात कर देता है। ऐसे में आपको अपने बच्चों को यह कहना चाहिए कि अकेले होने पर वह बाहर से कोई भी चीज ऑर्डर ना करें।

### रसोई घर बंद कर दें

अगर आपके बच्चे शरारती है तो आपको घर में उन्हें छोड़ने से पहले रसोई घर को अच्छे से बंद कर देना चाहिए। ताकि वह किचन में जाकर गैस को ना छेड़ सकें। उनकी जरूरत का सामान जैसे खाना, पानी उनके कमरे में ही आपको रख देना चाहिए।

### फोन करने को कहें

उन्हें बोलों की किसी भी चीज की जरूरत होने पर आपको उन्हें तुरंत फोन करना चाहिए। ऐसे में आपको उन्हे अपना नंबर बता देना चाहिए या फिर आप नंबर लिखकर भी अपने बच्चों को दे सकते हैं।

### टास्क देकर जाएं

अगर आप चाहती हैं कि आपका बच्चा कुछ ना करें तो उन्हें कुछ भी टास्क दे। जैसे की उन्हें कहे कि वह अपना स्कूल का सारा काम निपटा लें। ऐसे में जब तक आप वापस आएंगे वह अपने काम में व्यस्त रहेगा।




कार्नर न्यूज

## ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक हीरा सभी नहीं पहन सकते

# हीरा सदा के लिए है जरूर, लेकिन सभी के लिए नहीं कुछ राशियों के स्वामी सोच समझकर पहनें

आपको अपनी राशि को ध्यान में रखते हुए ही कोई भी रत्न धारण करने की सलाह दी जाती है। अगर आप हीरा रत्न किसी भी रूप में पहनती हैं तो आपको इसके बारे में ज्योतिष से पूरी जानकारी लेनी चाहिए। कोई भी धातु किसी भी व्यक्ति के लिए शुभ हो ऐसा जरूरी नहीं होता है। ऐसे ही कुछ रत्नों को भी आपके लिए शुभ नहीं माना जाता है और उन्हें धारण करने से फायदे की जगह नुकसान होने लगते हैं। इन्हीं रत्नों में से एक है हीता।

ऐसा कहा जाता है कि हीरा प्रत्येक राशि के लिए सकारात्मक प्रभाव नहीं डालता है और कुछ ऐसी राशियां भी हैं जिन्हें हीरे के गहने किसी भी रूप में धारण करने की मनाही होती है। यदि इन राशियों के लोग हीरे के गहने धारण करते हैं तो इसके दुष्प्रभाव हो सकते हैं। ऐसी मान्यता है कि यदि आप ज्योतिष के नियमों का भली - भांति पालन करते हैं तो आपको कई समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। आइए ज्योतिषाचार्य डॉ आरती दहिया से जानें कि किन राशि के लोगों को हीरे के गहने नहीं पहनने चाहिए।




### किन राशियों को नहीं पहनना चाहिए हीरा

ज्योतिष की मानें तो कुछ ऐसी राशियां हैं जिन्हें हीरे के गहने या हीरे की अंगूठी नहीं पहननी चाहिए। यदि इन राशियों के लोग हीरे के गहने या अंगूठी पहनते हैं तो फायदे की जगह नुकसान हो सकते हैं।

इन राशियों में से मेष, मीन, कर्क और वृश्चिक हैं जिन्हें हीरा पहनने या अपने पास रखने से मना किया होता है। इन राशियों के लोग यदि इन रत्न को किसी भी रूप में धारण करते हैं तो उनके जीवन में बेवजह परेशानियां आ सकती हैं।

### किन राशियों के लिए हीरा पहनना हो सकता है शुभ

यदि हम ज्योतिष की मानें तो कुछ ऐसी राशियां भी हैं जिनके लिए हीरा धारण करना बहुत शुभ हो



सकता है और यदि आप इन राशियों से संबंधित हैं तो आपके लिए हीरा एक सौभाग्य बढ़ाने वाला रत्न हो सकता है। इन राशियों के लिए हीरा रत्न बहुत शुभ हो सकता है। इन राशियों में से मुख्य हैं कन्या और तुला राशि। ऐसा माना जाता है कि यदि आपकी राशि इनमें से कोई भी है तो आपके लिए हीरा पहनना बहुत शुभ हो सकता है। इन राशियों के लिए हीरा रत्न सौभाग्य और समृद्धि प्रदान करता है। इसके अलावा कई अन्य राशि के लोग भी हीरा धारण कर सकते हैं, लेकिन उन्हें इसके लिए ज्योतिष एक्सपर्ट की सलाह जरूर ले लेनी चाहिए। ज्योतिष की सलाह पर हीरा धारण करने से आपके जीवन में इसका कोई बुरा असर नहीं होगा।

### हीरा कौन सी उंगली में पहना जाता है?

ज्योतिष के अनुसार हीरे की अंगूठी हमेशा दाहिने हाथ की तर्जनी उंगली में धारण करनी चाहिए। इस उंगली में पहनी गई अंगूठी से आपको कारोबार में सफलता के साथ करियर में भी उन्नति हो सकती है। इस तरह हीरा पहनने से आपको जीवन में सफलता मिलती है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ऑस्कर में परफॉर्म करेंगे एरियाना, सिंथिया और लिसा, प्रेजेंटर्स की लिस्ट भी सामने आई




97वें ऑस्कर अवॉर्ड में हॉलीवुड इंडस्ट्री के बड़े सितारे अपना परफॉर्मेंस देने के लिए तैयार हैं। विकेड फिल्म के चर्चित कलाकार एरियाना ग्रांडे और सिंथिया एरिवो स्टेज पर अपना परफॉर्मेंस देने जा रही हैं। आइए आपको बताते हैं, इस साल ऑस्कर 2025 में कौन-कौन से सितारे शामिल होने वाले हैं।

वैराइटी के अनुसार, एरियाना ग्रांडे और सिंथिया एरिवो के साथ लिसा की भी प्रस्तुति होने वाली है। लिसा को 'ब्लैकपिंक' ग्रुप पॉप के साथ 'द व्हाइट लोटस' में उनकी हालिया भूमिका के लिए जानी जाती हैं। वैराइटी की न्यूज रिपोर्ट के अनुसार, एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज ने लॉस एंजिल्स मास्टर चोरेल की विशेष उपस्थिति की भी घोषणा की गई है। इस साल ऑस्कर 2025 में सिलियन मर्फी, एम्मा स्टोन, रॉबर्ट डाउनी जूनियर और डे'वाइन जॉय रैंडोल्फ के साथ कई अन्य हस्तियां भी शामिल होंगी। इसमें जो अल्विन, अना दे अरमास, हैली बेरी, पेनेलोप क्रूज, विलेम डेफो, लिली-रोज डेप, एली फैनिंग, व्हूपी गोल्डबर्ग, सेलेना गोमेज, गोल्डी हॉन, स्कारलेट जोहानसन, जॉन लिथगो, कोनी नीलसन, एमी पोहलर, जून स्क्विब, बेन स्टिलर, ओपरा विनफ्रे और बोवेन यांग का नाम शामिल हैं। बता दें कि ऑस्कर समारोह का आयोजन 2 मार्च 2025 को होगा। भारतीय समयानुसार ऑस्कर अवॉर्ड इस साल 3 मार्च 2025 को सुबह 5:30 बजे से 8:30 बजे तक प्रसारित होगा। कार्यक्रम ABC पर लाइव आएगा और हुलू पर स्ट्रीम होगा।

### टॉलीवुड

## 'तंडेल' अब ओटीटी पर भी धूम मचाएगी, जल्द ही होगी रिलीज



नागा चैतन्य और साई पल्लवी की फिल्म 'तंडेल' जल्द ही ओटीटी पर भी दस्तक दे सकती है। इसके ओटीटी पर आने को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। नागा चैतन्य और साई पल्लवी की फिल्म 'तंडेल' सात फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अब तक 63.85 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। फिल्म का निर्देशन चंदू मोंडेती ने किया है। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने को तैयार है। आइए जानते हैं यह कब ओटीटी पर रिलीज हो सकती है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक नागा चैतन्य और साई पल्लवी की फिल्म 'तंडेल' जल्द ही ओटीटी पर रिलीज हो सकती है। कहा जा रहा है कि फिल्म सात मार्च को अपना डिजिटल डेब्यू कर सकती है। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। नेटफ्लिक्स के पास 'तंडेल' के पोस्ट-थियेट्रिकल स्ट्रीमिंग अधिकार हैं। तंडेल का निर्माण बनी वास द्वारा किया गया है और गीता आर्ट्स के बैनर तले अल्लू अरविंद द्वारा इसे प्रस्तुत किया गया है। फिल्म में नागा चैतन्य और साई पल्लवी के अलावा आदुकलम नरेन, जबर्दस्त महेश, प्रकाश बेलवाड़ी, करुणाकरण और दिव्या पिल्लई भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। चंदू मोंडेती निर्देशित और नागा चैतन्य और साई पल्लवी अभिनीत 'तंडेल' साल 2018 में हुई सच्ची घटना पर आधारित है, जब भारतीय मछुआरों को पाकिस्तानी सेना ने बंदी बना लिया था और उन्हें जेल में डाल दिया गया था। इस फिल्म में उन्हीं मछुआरों के जीवन और वहां से लौटने के संघर्ष को दिखाया गया है।

### भोजपुरी

## 'पटना से पाकिस्तान 2' से सिनेमाघरों में गर्दा उड़ाने तैयार निरहुआ



भोजपुरी अभिनेता दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' अपनी आगामी फिल्म 'पटना से पाकिस्तान 2' की तैयारियों में व्यस्त हैं। आज मंगलवार को उन्होंने सेट से झलकियां शेयर की हैं। साल 2015 में भोजपुरी एक्टर दिनेश लाल यादव निरहुआ की फिल्म 'पटना से पाकिस्तान' रिलीज हुई थी। इसमें उनके अलावा काजल राघवानी और आम्रपाली दुबे नजर आईं। संतोष मिश्रा के निर्देशन में बनी यह एक्शन फिल्म काफी हिट रही। अब इसका दूसरा पार्ट आ रहा है। इसकी शूटिंग लखनऊ में चल रही है। सेट से कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। दिनेश लाल यादव के एक फैन पेज से इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'फिल्म 'पटना से पाकिस्तान 2' की लखनऊ शूटिंग सेट से कुछ तस्वीरें'। इस फिल्म का निर्देशन अनंजय रघुराज कर रहे हैं। तस्वीरों में निरहुआ के अलावा डायरेक्टर भी नजर आ रहे हैं। फिल्म 'पटना से पाकिस्तान 2' जून तक रिलीज हो सकती है। श्रेयस फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बन रही इस फिल्म को प्रेम राय प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म में लीड रोल में दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' नजर आएंगे। हालांकि, इस बार आम्रपाली दुबे का पत्ता कट गया है। सीक्वल में श्वेता महारा की एंट्री हुई है। देखना दिलचस्प होगा कि इस नई जोड़ी को दर्शक कितना पसंद करते हैं। फिल्म 'पटना से पाकिस्तान 2' की कहानी राकेश त्रिपाठी ने लिखी है। कहा जा रहा है कि इसे काफी रोमांचक बनाया गया है। फिलहाल सामने आई झलक पर यूजर्स की प्रतिक्रिया आ रही है।

## स्लीव्स की वापसी

लाइफ स्टाइल



नए दौर के फैशन में हमेशा कुछ खास होता है। साल 2025 के रुझानों की बात करें तो स्टेटमेंट स्लीव्स की वापसी हो रही है। जेन जेड के साथ रफ़ल्ड, बेल और पफ़ स्लीव्स देखने को मिल रही है। मॉडल इस नए ट्रेंड को बखूबी बयां कर रही है।

## बालों को घर में कलर करना चाहते हैं तो इन बातों का रखें ध्यान, वरना बाल होंगे बेजान

हर बार पार्लर में जाकर हेयर कलर कराना काफी महंगा पड़ जाता है, जिसके चलते बहुत से लोग तो घर पर ही बालों को कलर कर लेते हैं। घर पर बाल कलर करते समय अगर आप कुछ बातों का ध्यान नहीं रखेंगे तो इससे आपके बाल डैमेज हो सकते हैं। ऐसे में आज हम आपको बाल कलर करने के कुछ सही तरीके बताने जा रहे हैं, ताकि आपके बालों में लंबे समय तक रंग टिका रहे। इसके साथ ही इन बातों का ध्यान रखने से आपके बाल खराब नहीं होंगे।

### जरूर करें पैच टेस्ट

अगर आप अपने घर पर ही बालों को कलर करने जा रही हैं तो सबसे पहले पैच टेस्ट जरूर करें। ऐसा करने से आपको ये पता लग जाएगा कि कहीं आपके बालों को ये कलर एलर्जी तो नहीं कर रहा। इसका पैच टेस्ट करने के लिए आप इस रंग को कान के पीछे या कलाई पर लगाएं। टेस्ट करने के बाद 24 घंटे इंतजार करके देखें कि कहीं इससे कुछ दिक्कत तो नहीं हो रही।

### सही से पढ़ें इंस्ट्रक्शंस

आप बाजार से जो भी कलर लेकर आएं हों उसका डिब्बा तुरंत फेंके नहीं। सबसे पहले डिब्बे पर दिए गए इंस्ट्रक्शंस को सही से पढ़ें और उसी के हिसाब से ही कलर लगाएं। सही प्रोसेस से कलर लगाने से आपके बालों में कलर सही से लगेगा।



### समय का रखें ध्यान

बाजार में मिलने वाले हेयर कलर में ये लिखा होता है कि इसे कितने वक्त तक लगा कर रखना है। अगर आप समय से ज्यादा इसे लगाएंगे तो इससे आपके बाल डैमेज हो सकते हैं।

### नॉन-अमोनिया हेयर कलर का करें चयन

बालों के लिए कलर खरीदते वक्त ध्यान रखें कि ये नॉन-अमोनिया हेयर कलर हो। इससे केमिकल की स्मेल नहीं आती है।

## भूल जाएं भारी ज्वेलरी, चलन में हैं इस तरह के गहने



फैशन

हल्के-आकर्षक नेकलेस और पेंडेंट ने भारी-भरकम जेवरों के चलन को पीछे कर दिया है। नई-नई डिजाइन में आए पेंडेंट हर उम्र में हर ड्रेस के साथ कैरी किए जा सकते हैं। कई तरह के नेकलेस और पेंडेंट इन दिनों ट्रेंड में हैं। ये अलग-अलग आउटफिट के लिए अलग-अलग डिजाइन में मौजूद हैं। आप अपनी पसंद के कपड़ों के साथ ये हल्के पेंडेंट कैरी करके खूबसूरत दिख सकती हैं।





खास बात यह कि इन नेकलेस और पेंडेंट को हर उम्र की महिला, चाहे वह गृहिणी हो, नौकरीपेशा हो या कॉलेज गोइंग गर्ल, सभी अपनी पसंद के हिसाब से पहन सकती हैं। ये अन्य आभूषणों से बेहद हल्के होते हैं, इसलिए इनको आप हर तरह के कपड़ों, जैसे कि सूट, साड़ी, लहंगा और जींस-टॉप पर पहन सकती हैं।

**लेयर्ड पेंडेंट:** लेयर्ड पेंडेंट की खास बात यह है कि यह चेन के साथ कई अन्य मैटेरियल में आते हैं। जिन महिलाओं को चेन पहनने पर गले में खुजली और लाल चकत्ते पड़ते हैं, वे लेयर्ड पेंडेंट पहन सकती हैं। लेयर्ड पेंडेंट मुख्यतः तीन लेयर का होता है, मगर अब यह कई लेयर में भी उपलब्ध है, इसलिए आप अपनी पसंद से कितनी ही लेयर का पेंडेंट खरीद सकती हैं।

इस पेंडेंट को आप सूट और सिंपल साड़ी पर पहन सकती हैं। हाई नेक टॉप पर यह पेंडेंट सबसे ज्यादा फबता है। आजकल कॉलेज की लड़कियां इसका सबसे ज्यादा इस्तेमाल करती हैं, जो उनकी गर्दन की शोभा को और बढ़ा देता है।

**फ्लोरल लेयर्ड पेंडेंट:** ये पेंडेंट दिखने में बहुत खूबसूरत और क्लासी होते हैं और हर आउटफिट के साथ फिट होते हैं। इस साल सबसे ज्यादा ट्रेड में सूरजमुखी डिजाइन वाला फ्लोरल लेयर्ड पेंडेंट रहा, लेकिन अब ये डेजी और अन्य फ्लोरल डिजाइन में भी आने लगे हैं। इन पेंडेंट की खास बात यही है कि ये आपके हर आउटफिट पर अपने नाम की तरह ही खिलते हैं।

**पर्ल पेंडेंट:** यह एक सदाबहार पेंडेंट है, जो अधिकतर महिलाओं को पसंद आता है। इस कारण यह हमेशा ही ट्रेंड में रहता है। ये पेंडेंट मोतियों के साथ और चेन, दोनों डिजाइन में आते हैं। विवाहित महिलाएं इसे किसी भी कार्यक्रम में साड़ी के साथ पहन सकती है, तो कामकाजी महिलाएं भी इसे सूट के साथ कैरी कर सकती हैं।

## ब्राइडल लहंगे के लिए ये ट्रेंडी कलर्स रहेंगे बिल्कुल परफेक्ट

ब्राइडल वियर के लिए आपको कई ऑप्शन आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप अपने लुक को स्टेटमेंट देना चाहती हैं तो आउटफिट का चुनाव लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के हिसाब से ही करें। शादी का दिन हम सभी के लिए बेहद खास होता है और इस दिन के लिए हम अपने लुक को कई तरह से कस्टमाइज करवाना भी पसंद करते हैं। वहीं हर वेडिंग सीजन में नए-नए ट्रेंड्स आते हैं, जिन्हें देखकर आगे आने वाले कलेक्शन का अंदाजा हम सब अंदाजा लगाते हैं। बदलते दौर में अपने ब्राइडल वियर को खास बनाने के लिए लेटेस्ट कलर में चल रहे डिजाइंस चुनना बेहद जरूरी होता है।

ब्राइडल कलेक्शन की बात करें तो हाल ही इंडिया कोचर फैशन वीक हुआ है, जिसमें काफी बड़े-बड़े नामी डिजाइनर ने अपनी आने वाली वेडिंग कलेक्शन को दिखाया। तो चलिए इन्हीं के हिसाब से जानते हैं कि आने वाले वेडिंग सीजन में आखिर क्या हो सकते हैं ब्राइडल ट्रेंड्स में चल रहे कलर्स। साथ ही बताएंगे इन लुक्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स।



### ऑम्ब्रे कलर ब्राइडल लहंगा

आजकल ऑम्ब्रे कलर काफी चलन में नजर आ रहा है। वहीं इस खूबसूरत पेस्टल कलर लहंगे को डिजाइनर शांतनु निखिल द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह का मिलता-जुलता लहंगा आपको लगभग 5000 रुपये से लेकर 8000 रुपये में आसानी से मिल जाएगा। इस तरह का शेड आप दिन की वेडिंग के लिए पहन सकती हैं।

## लुक को बनाना चाहती हैं स्टाइलिश तो स्लीव्स के इन डिजाइंस पर एक नजर जरूर डालें

स्टाइलिश दिखना हम सभी को बेहद पसंद होता है। इसके लिए हम आए दिन हम नए से नए फैशन ट्रेंड को फॉलो भी करते हैं। वहीं लगभग हर तरह की आउटफिट को स्टेटमेंट लुक देने के लिए स्लीव्स के लिए लेटेस्ट चलन में चल रहे डिजाइन को चुनना जरूरी होता है। आजकल आपको इन्टरनेट पर कई तरीके के स्लीव्स डिजाइन आसानी से देखने को मिल जाएंगे। हालांकि इसे स्टाइलिश लुक देने के लिए भी स्टाइलिंग पर काफी अच्छी तरह से ध्यान भी दिया जाता है। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं स्लीव्स के लिए कुछ लेटेस्ट डिजाइंस जिसे आप साड़ी से लेकर लहंगे तक या किसी भी तरह की ट्रेडिशनल लुक के साथ कर सकती हैं स्टाइल। साथ ही बताएंगे उससे जुड़ी अमेजिंग स्टाइलिंग टिप ताकि आप दिखे अप-टू-डेट।

### बैलून स्टाइल स्लीव्स

अगर आप एक आउटफिट को अलग-अलग लुक में कैरी करना चाहती हैं तो इस तरीके से अलग से बैलून बनवा सकती हैं। बैलून स्टाइल को आप अपनी



स्किसी भी स्लीवलेस ड्रेस के साथ कैरी कर सकती हैं। इस तरह की बैलून बनवाने के लिए आप सिल्क या क्रेप के कपड़े का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### जैकेट स्टाइल स्लीव्स

आजकल पॉवर लुक को काफी पसंद किया जा रहा है। वहीं अगर आप भी पॉवर लुक ट्रेडिशनल वियर में स्टाइल करना चाहती हैं तो इस तरह के हैवी वर्क वाली जैकेट को बस्टियर ब्लाउज के ऊपर पहन सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### मौसम शादियों का है तो पीछे क्यों रहें दूल्हे के दोस्त

## शादियों में जाएं तो खास ढंग से सूट पहनकर दिखाएं जलवा, महफिल हो जाएगी फिदा

*शादियों का सीजन चल रहा है। ऐसे में जिसके घर में भी शादी है, वो धूमधाम से उसकी तैयारियों में लगा है। घर की शादी के लिए तो सभी घरवाले उत्साहित रहते हैं, लेकिन हमारी जिंदगी में कुछ ऐसे लोग भी होते हैं, जो घरवाले तो नहीं होते, पर उनकी जगह परिवारवालों से कम भी नहीं होती। हम बात कर रहे हैं दोस्तों की। अपने दोस्त की शादी के लिए हर कोई काफी उत्साहित रहता है। जिस तरह से लड़कियां अपनी खास सहेली की शादी के लिए नई साड़ी, नए गहने खरीदती हैं, ठीक उसी तरह से लड़के भी अपने दोस्त की शादी में जलवा दिखाने के लिए नए-नए सूट बनवाते हैं। अगर आपके दोस्त की भी शादी होने वाली है, और आप अपने लिए नया सूट बनवाने का सोच रहे हैं, तो हम आपको इसके कुछ विकल्प दिखाने जा रहे हैं। आप शाहिद कपूर से टिप्स लेकर अपने लिए सूट तैयार करा सकते हैं।*



**पर्पल सूट:** अगर आप हर तरह के रंगों को पहनना पसंद करते हैं, तो पर्पल रंग का सूट आप पर काफी जचेगा। इसके साथ पैरों में ब्लैक कलर के स्टाइलिश जूते और ब्राउन कलर का चश्मा लोगों को आपका दीवाना बना सकता है।

**समर सूट:** अगर आपके दोस्त की शादी दिन में है, तो ये सूट आपके लिए एक बेस्ट विकल्प साबित हो सकता है। इस समर सूट लुक को पूरा करने के लिए आप इसके साथ स्नीकर्स कैरी कर सकते हैं। इस तरह के सूट के साथ स्नीकर्स काफी कमाल के लगेंगे।

**मैटेलिक सूट:** अगर कुछ चमकदार पहनने का सोच रहे हैं, तो इस तरह का मैटेलिक सूट आपको अलग दिखाएगा। इसकी चमक आपको बाकियों से अलग रखेगी। इसके साथ पैरों में मेटल रंग के ही लोफर पहनकर आप अपना जलवा दिखा सकते हैं।

**धोती सूट :** अगर आप पैंट में असहज महसूस करते हैं, तो इस तरह का धोती-सूट पहनकर अपना जलवा दिखा सकते हैं। ये ब्लू रंग का धोती सूट आपको स्टाइलिश दिखने में मदद करेगा। आप चाहें तो इसके साथ स्पोर्ट्स शूज पहन सकते हैं।

**पिनसट्रिप सूट:** इस तरह का सफेद रंग का पिनसट्रिप सूट आपको अलग दिखने में मदद करेगा। ऐसे सूट के साथ ब्लैक रंग के जूते पहनें। ये आपको क्लासी दिखने में मदद करेंगे। इस पिनसट्रिप सूट से साथ आप अगर ब्लैक टीशर्ट पहनेंगे तो इससे आपका लुक कंप्लीट होगा।

